# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 90- ● जबलपुर ● मंगलवार, 2 मई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष 13 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


## जबलपुर में आज का मौसम

आज सुबह का तापमान



18.2 डिसे (-8)

दोपहर 12 बजे तक

28.0 डिसे

आज भी बारिश के आसार

## सतना के ताला से रीवा जा रही यात्री बस पलटी, 13 घायल

**सतना, यशभारत।** सतना के ताला से रीवा जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा ताला के पास हुआ है। जानकारी के अनुसार 13 यात्री घायल हो गए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

### » न्यूज गैलरी

## राहुल गांधी की याचिका पर गुजरात HC में सुनवाई आज, आ सकता है फैसला

**अहमदाबाद, एजेंसी।** मोदी सरनेम मानहानि केस में राहुल गांधी के लिए मंगलवार का दिन अहम होने जा रहा है। निचली अदालत के फैसले के खिलाफ कांग्रेस नेता की ओर से गुजरात हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिस पर आज भी सुनवाई होगी। माना जा रहा है कि आज ही हाई कोर्ट अपना फैसला सुना सकती है।कांग्रेस को उम्मीद है कि हाई कोर्ट निचली अदालत की सजा पर रोक लगाएगी और राहुल गांधी को बड़ी राहत मिलेगी। 2 साल की सजा सुनाये जाने के बाद राहुल गांधी की संसद सदस्यता चली गई थी। उन्हें सरकारी बंगला भी खाली करना पड़ा था। 25 अप्रैल को राहुल गांधी ने सूरत सत्र अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए गुजरात हाई कोर्ट का रुख किया। हाई कोर्ट में राहुल की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी पक्ष रख रहे हैं। पिछली सुनवाई में अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी थी कि यह मामला इतना गंभीर भी नहीं है कि ऐसी सजा सुनाई जाए या राहत न दी जा सके। अप्रैल 2019 में कर्नाटक के कोलार में एक रैली में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा, "कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है? इसके बाद राहुल के खिलाफ सूरत की कोर्ट में मानहानि की याचिका दायर की गई थी और कहा गया था कि उन्होंने पूरे मोदी समाज का अपमान किया है।



## तिहाड़ जेल में गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली की अति सुरक्षा वाले तिहाड़ जेल में गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया पर बीती रात एक अन्य कैदी ने रॉड से हमला कर लिया। गंभीर रूप से घायल टिल्लू ताजपुरिया को दीनदयाल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। टिल्लू ताजपुरिया पर हमला करने वाले कैदी का नाम योगेश है। माना जाता था कि गोगी गैंग से उसकी दुश्मनी थी और गोगी की हत्या के पीछे भी टिल्लू का हाथ था। इसके बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग भी टिल्लू की दुश्मन बन गई थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने कई बार उसे धमकियां दी थी।टिल्लू को अति सुरक्षा वाले तिहाड़ जेल की बैरक नंबर 9 में रखा गया था। वहीं हमला करने वाले योगेश बैरक नंबर 8 में था। जब दोनों कैदी साथ थे, तब योगेश ने रॉड से हमला कर दिया। फिलहाल, पूरी घटना के बाद से दिल्ली पुलिस में हड़कंप मच गया है. मामले की जांच की जा रही है। टिल्लू ताजपुरिया 24 सितंबर 2021 में दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में हुए शूटआउट का मास्टरमाइंड था. कोर्ट में गैंगस्टर जितेंद्र गोगी की हत्या के लिए गैंगस्टर टिल्लू ने दोनों शूटरों को ट्रेनिंग दिलाई थी. वकीलों जैसा दिखने, उनके जैसा प्रोफेशनल व्यवहार करने की ट्रेनिंग हुई थी और आरोपी उमंग के घर हैदरपुर में ट्रेनिंग हुई थे, वह पेशे से वकील है. कोर्ट में हुए शूटऑउट में दोनों शूटर मारे गए थे।



### बीसीसीआई का कड़ा एक्शन

# विराट और गंभीर की पूरी मैच फीस काटी, ऐसी बदतमीजी बर्दाश्त नहीं...

## दोनों के बीच सोमवार को मैच के दौरान जमकर लड़ाई हुई थी

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच बीती रात हुई लड़ाई के बाद सख्त एक्शन लिया गया है। बीसीसीआई ने इस मामले में विराट कोहली और गौतम गंभीर पर मैच फीस का 100 फीसदी का जुर्माना लगाया है। जबकि नवीन उल हक पर 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल मीडिया रिलीज में कहा गया, लखनऊ सुपरजायंट्स के मेंटॉर गौतम गंभीर को आर्टिकल 2.21 के अंतर्गत लेवल-2 का दोषी पाया गया है। आरसीबी के मुख्य बल्लेबाज विराट कोहली भी इसी आरोप के दोषी पाए गए हैं।




**विराट कोहली- 1.07 करोड़ (100%)**

**गौतम गंभीर- 25 लाख (100%)**

**नवीन-उल-हक- 1.79 लाख (50%)**

### ठोका गया भारी जुर्माना

मैच के बाद, कोहली और गंभीर के बीच जमकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद अमित मिश्रा, आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस और लखनऊ सुपरजायंट्स के सहायक कोच विजय दहिया को बीच बचाव करना पड़ा। बाद में कोहली को लखनऊ के कप्तान और अपने खास दोस्त केएल राहुल से बात करते भी देखा गया। इधर लखनऊ के दाएं हाथ के अफगान तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक पर भी आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है, जो मैच के बाद हाथ मिलाने के दौरान कोहली से बहस करते दिखे थे। मैच में भी विराट से उनकी तकरार हुई थी। नवीन को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.21 के तहत लेवल 1 के अपराध का दोषी पाया गया है।इस सीजन खेले गए पिछले मैच में मुकाबला अंतिम गेंद तक चला था जहां बाजी लखनऊ ने मारी थी। बाजी पलटने की बारी इस बार बैंगलोर की थी और उसने लखनऊ को उसके घर पर 18 रन से हराकर हिसाब बराबर किया। धीमे और टर्निंग ट्रैक पर आरसीबी ने 126/9 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में लखनऊ की टीम 108 रन पर सिमट गई। *देखें खेल पेज भी*

# मध्य प्रदेश में मनाया जा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव, मुख्यमंत्री करेंगे संवाद

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में आज लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जा रहा है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री आवास पर होगा है। इसमें भोपाल, सीहोर, विदिशा, राजगढ़ और रायसेन जिले की लाड़ली लक्ष्मी बेटियां शिरकत करेंगी,जिनसे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संवाद करेंगे। उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाली लाड़ली बेटियों और लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का संचालन लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। जिले में लाड़ली लक्ष्मी पथ को सुसज्जित किया जाएगा। प्रत्येक स्तर पर लाड़ली वाटिका में एक पौधा लाड़ली लक्ष्मी के नाम से लाड़ली बालिकाओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा लगाया जाएगा। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी के साथ उनके अभिभावक भी जुड़ेंगे।




### पहली लाड़ली अदीबा के मन में ऊंची उड़ान की ललक

प्रदेश की पहली लाड़ली अदीबा के मन में आगे पढ़ने और भविष्य में कुछ कर गुजरने की चाहत है। पारिवारिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद मन में ऊंची उड़ान की ललक है। रायसेन जिले की गौहरगंज निवासी अदीबा ने हाल ही में 10वीं की परीक्षा दी है। वह ओबेदुल्लागंज के एक अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ाई कर रही है। वे कहती हैं हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। मेरे पिता एक छोटी सी दुकान चलाते हैं। उसमें मेरा भाई भी काम करता है। दोनों जो कुछ मिलकर कमाते हैं उससे किसी तरह से घर का खर्च चल जाता है। मैं लाड़ली बेटी हूं इसलिए मेरी पढ़ाई पर होने वाले खर्च की घर वालों को कोई चिंता नहीं है। मैं पढ़ लिखकर अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहती हूं। अदीबा के भाई दानिश कहते हैं कि जब वह कालेज में प्रवेश लेगी तो उसकी फीस की हमें अब चिंता नहीं है क्योंकि इस खर्च भी शिवराज सरकार उठाएगी। भविष्य में उसके निकाह को लेकर भी परिवार निश्चिंत है।

## ये कर्नाटक को नंबर वन बनाने का चुनाव है :मोदी

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार अपने अंतिम राउंड में है। पीएम नरेंद्र मोदी आज तीन रैलियां करने वाले हैं। पहली रैली वह चित्रदुर्ग में कर रहे हैं। यहां उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र की तारीफ करते हुए कहा कि, ये कर्नाटक को नंबर वन बनाने का चुनाव है। ये चुनाव तय करेगा कर्नाटक किस ऊंचाई पर होगा। फिर विजयनगरा और सिंधानपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम को वह कलबुर्गी में एक रोड शो निकालेंगे। वहीं, 3 मई को उनकी मूदाबिद्री, करवार और किट्टूर में रैलियां हैं। कर्नाटक चुनाव के लिए बीजेपी का घोषणा पत्र जारी होने के बाद पीएम की यह पहली यात्रा है। सोमवार को बेंगलुरु में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी का घोषणा पत्र प्रजा ध्वनि जारी किया। जिसमें पार्टी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का वादा किया है।



# सीएम की 22विधायकों से वन टू वन चर्चा

## उनके क्षेत्र के हाल बताए , दो टूक कहा ,जो भी फैसला होगा, उसके लिए आप खुद जिम्मेदार होंगे

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव को अब छह महीने का वक्त बचा है। भाजपा और कांग्रेस में टिकट को लेकर हलचल तेज हो गई है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आज मंगलवार को 22 विधायकों से वन टू वन चर्चा की। सीएम ने विधायकों को पूरे कार्यकाल की परफॉर्मेंस रिपोर्ट और सर्वे में सामने आई स्थिति को बता दिया। विधायकों को साफ लहजे में कहा कि पब्लिक और कार्यकर्ताओं से फीडबैक में जो स्थिति सामने आई है, इस पर आगे जो भी फैसला लिया जाए, उसके लिए आप खुद जिम्मेदार होंगे। सीएम शिवराज ने विधायकों को पांच-पांच मिनट में उनकी परफॉर्मेंस रिपोर्ट दी। हालांकि कुछ विधायकों से लंबी चर्चा भी की। बैठक के बाद विधायकों ने अनौपचारिक रूप से ये बात स्वीकारी कि उनकी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर उन्हें अपने क्षेत्र में स्थिति ठीक करने को कहा गया है। सीएम ने हर विधायक से क्षेत्र में विकास कार्यों में दी गई राशि और बड़े प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी ली। विधानसभा क्षेत्र की बड़ी परियोजनाओं, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी पूछा। विधायकों से पूछा कि आपके क्षेत्र में कौन सा अधिकारी - कर्मचारी ठीक काम नहीं कर रहा है। विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 22 विधायकों से चर्चा की। इस दौरान उन्हें उनकी कमियां बताई और उन्हें सुधारने का भी कहा।

### इन विधायकों से हुई चर्चा

सीएम हाउस में विधायक पीएल तंतुवाय (हटा), मालिनी गौड़(इंदौर), राजेश प्रजापति(चंदला), राज्यवर्धन सिंह (नरसिंहग?), राजश्री सिंह (शमशाबाद), पारस जैन (उज्जैन), लीना जैन (गंजबसौदा) सहित करीब 22 विधायकों से सीएम ने वन टू वन चर्चा की।




### हमारी कमियों और मुश्किलों पर की चर्चा

शमशाबाद विधायक राजश्री सिंह ने कहा कि चुनावी साल में कई तरह के सर्वे होते हैं। सर्वे में विधायकों की सारी रिपोर्ट्स तैयार होती हैं। उसी संबंध में सीएम साहब ने हमें बुलाया था। जो भी विधायकों की कमियां हैं और विधायक जो अच्छा कर रहे हैं, वो सारी स्थितियां हमारे सामने रखी हैं ताकि कमियों में सुधार हो सकें। सब विधायकों से वन टू वन मीटिंग हुई है। विधायकों को मुख्यमंत्री जी भरपूर समय दे रहे हैं। किसी से पांच मिनट में बात पूरी हो जाती है, किसी को दस मिनट, तो किसी से आधे घंटे तक चर्चा हो रही है। अगर किसी की समस्या बढ़ी है तो उसे ज्यादा समय दे रहे हैं। वो हमारे बॉस हैं तो हमारी जो कमियां हैं वो भी बता रहे हैं। जहां हमें मुश्किलें आ रही हैं उन्हें भी दूर कर रहे हैं।

### विधायकों ने स्वीकारा- सीएम ने कहा कि जनता से संपर्क बढ़ाएं

बैठक के बाद हटा विधायक पुरुषोत्तम लाल तंतुवाय ने बताया कि बैठक में हमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने बताया कि किस तरह से जनता के बीच में आगे और काम करना है। दोबारा सीट जिताकर भाजपा की सरकार बनाना है। सर्वे को लेकर हुई चर्चा पर विधायक तंतुवाय ने कहा- जमीनी स्थिति ठीक है, उसमें (सर्वे) जो कुछ भी कमियां हैं, क्षेत्र में मेहनत कर, जनता से संपर्क कर पूरा करना है। सरकारी योजनाओं के बारे में जनता को बताना है।

## राज्य पुलिस सेवा के 16 अधिकारियों को मिलेगा आइपीएस संवर्ग, डीपीसी आज

■ भोपाल, यशभारत।

राज्य पुलिस सेवा के 16 अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) संवर्ग मिलेगा। इसके लिए मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। इसमें प्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना और अपर मुख्य सचिव डा.राजेश राजोरा भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि



मध्य प्रदेश में राज्य पुलिस सेवा से आइपीएस संवर्ग में चयन के लिए वर्ष 2021 के 10 और 2022 के छह पद उपलब्ध हैं।इनके लिए गृह विभाग ने 1996, 1997 और 1998 बैच के 48 अधिकारियों के नाम वरिष्ठता और सर्विस रिकार्ड के आधार पर आयोग को भेजे थे। आयोग के स्तर पर परीक्षण किया जा चुका है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को होनेवाली विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में निर्णय लिया जाएगा।इसमें प्रदेश के अधिकारियों के अलावा आयोग के सदस्य और केंद्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के दो अधिकारी भाग लेंगे।

# गर्मी में चल रही आंधी , बारिश के साथ ओले गिरे



■ जबलपुर, यशभारत।

वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर बनी चार मौसम प्रणालियों के असर से हवाओं के साथ नमी आने का सिलसिला बरकरार है। इस वजह से मौसम में बदलाव हो रहा । मई का महीना आमतौर पर लूट -लपट भरा रहता है पर इस बार सावन के जैसे बारिश हो रही है। मंगलवार की दोपहर में जबलपुर और आसपास के क्षेत्र में तेज आंधी तूफान बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। इनका आकार बेर से बड़ा था। तेज बारिश से जनजीवन पर असर पड़ा। कई स्थानों पर ओले भी गिरे। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर पश्चिमी राजस्थान के मध्य में हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में पश्चिमी विक्षोभ अना है। इसके अलावा विदर्भ से लेकर तक एक द्रोणिका बनी हुई है। हवाओं का रुख दक्षिणी बना हुआ है। जिसके चलते बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से नमी मिल रही है। इससे मध्य प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल बने हुए हैं। साथ ही गरज-चमक के साथ वर्षा भी हो रही है। उधर मंगलवार को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में प्रवेश कर गया है जिससे आंधीबारिश हो रही है, इस वजह से अभी तीन-चार दिन तक मौसम साफ होने की संभावना नहीं है।

## मुजफ्फरपुर में आधी रात को आगजनी 4 बच्चे जिंदा जले, आधा दर्जन झुलसे

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

बिहार के मुजफ्फरपुर से बड़ी खबर है. यहां पर देर रात भीषण आजगनी में चार बच्चे जिन्दा जल गए, जबकि आधा दर्ज से अधिक लोग आग में झुलस गए. आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है. घायलों को एसकएसीएच अस्पताल में भर्ती किया गया है. जानकारी के अनुसार, सदर थाना क्षेत्र के रामदयालु स्टेशन के निकट यह घटना पेश आई है. यहां पर रात के करीब 1 बजे एक झोपडी में आग लग गई. इस दौरान सो रहे 4 बच्चे जिन्दा जल गए. घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग भी आग में झुलस गए हैं. बताया जा रहा है कि जब आग लगी तो ये सभी लोग सोए हुए थे. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया.इससे पहले, बिहार के ही दरभंगा जिले में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आग की घटना पेश आई थी. घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल देखा गया था. आग लगने के बाद वार्ड में भर्ती मरीज के तीमारदार उन्हें लेकर इधर-उधर भागने लगे थे. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची थी. अस्पताल कर्मियों का कहना था कि मेडिसिन वार्ड में शार्ट सर्किट से आग लग गई थी. हालांकि अस्पताल कर्मियों और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन लाखों की सामान जलकर राख हो गए. घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ था।



# चाची की गोद में बैठे 8 महीने के मासूम ने माता पिता की चिता को लगाई आग, देख हर कोई रो पड़ा

■ लुधियाना, एजेंसी।

पंजाब के लुधियाना में श्मशान घाट का नजारा हर किसी को हिला देने वाला था। एक आठ महीने का मासूम अपने माता-पिता और दादी की मुखाग्नि दे रहा था। इस बच्चे ने लुधियाना गैस त्रासदी में अपने पूरे परिवार को खो दिया। परिवार में एकलौते जीवित बचे आठ महीने के इस बच्चे को गोद में लेकर उसकी चाची ने चिताओं को आग लगवाई। इस दृश्य को जिसने देखा, उसका दिल दहल गया। मासूम को तो यह भी नहीं पता था कि उसने क्या खोया और वह क्या कर रहा है। चेहरे पर उदासी लिए बच्चे ने जैसे ही चिता को मुखाग्नि दी, वहां मौजूद हर कोई शख्स यह देख रो पड़ा। रविवार को लुधियाना के गियासपुरा इलाके में हुई जहरीली गैस लीक घटना ने 11 लोगों की जान ले ली। बच्चे के माता-पिता और दादी की मौत की सूचना मिलते ही उसकी चाची यहां पहुंच गई। वह बच्चे को अपने सीने से लगाए रहीं।



### तीन साल पहले हुई थी दंपती की शादी

बच्चे की चाची ने बताया कि तीन साल पहले ही सौरव गोयल और प्रीति की शादी हुई थी। आठ महीने पहले ही दोनों माता-पिता बने थे। परिवार मूलता उत्तर प्रदेश का रहने वाला है लेकिन ये लोग लुधियाना में आकर बस गए थे। चाची ने बताया कि रविवार को घटना के बाद से बच्चे को भी बुखार है। उसे दवाएं दी जा रही हैं। अभी उसकी हालत नियंत्रण में है।

### बच्चे को बनाना चाहते हैं पुलिस अधिकारी

बच्चे के चाचा आपदा में भी जीवित बच गए हैं। सोमवार को उन्हें भी अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। अस्पताल से आने के बाद उन्हें अपने परिवार में हुई तीन मौतों के बारे में पता चला। उन्होंने कहा, "मेरे भाई की इच्छा थी कि उनके नवजात बेटे को एक आरामदायक जीवन मिले और वह एक पुलिस अधिकारी बने। मैं अपने भतीजे को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा देकर उसके सपने को पूरा करने की कोशिश करूंगा, ताकि वह अपने माता-पिता के सपने को पूरा कर सके।

### आरोपों पर मुस्लिम संगठन बनाम दक्षिणपंथी कार्यकर्ता

# एक के बदले 10 करोड़ इनाम की पेशकश

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

सिनेमा हॉलों में इसी शुक्रवार को रिलीज होने वाली फिल्म "द केरल स्टोरीज पर विवाद गहराता जा रहा है। फिल्म को लेकर केरल में राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है। खासकर सत्तासीन लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट-कांग्रेस और भाजपा के बीच इस फिल्म को लेकर विवाद शुरू हो गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे हजारों युवा महिलाओं को इस्लामिक स्टेट (आईएस) में शामिल होने तथा सीरिया और अफगानिस्तान जैसे देशों में जाने के लिए भड़काया गया था।

### एक दूसरे पर हो रहे हमलावर

इस फिल्म का सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ), विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और कांग्रेस विरोध कर रहे हैं। जहां एक तरफ कहा जा रहा कि फिल्म में सच्चाई नहीं है, बल्कि यह गलत विचारधारा को बढ़ावा देने का काम है। साथ ही फिल्म में लगाए गए आरोपों को सिद्ध करने पर एक करोड़ देने की बात कही है। वहीं दूसरी तरफ द केरल स्टोरी के समर्थन में उतरे लोगों ने पलटवार करते हुए कहा कि हम 10 करोड़ देंगे। आप सिद्ध करिए यह वास्तविकता नहीं है।

### नसबंदी के बाद प्रेग्नेंट हुई महिला, हाईकोर्ट ने सरकार से कहा



# 3 लाख मुआवजा दो, बच्चे की एजुकेशन का पूरा खर्च उठाओ

■ चेन्नई, एजेंसी।

मद्रास हाईकोर्ट कराने के बावजूद गर्भवती हो जाने वाली एक महिला के पक्ष में शुक्रवार को फैसला सुनाया और तमिलनाडु राज्य सरकार को उसे 3 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया. मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने सरकार को सरकारी या निजी संस्थान में महिला के तीसरे बच्चे का शिक्षा खर्च भी उठाने का निर्देश दिया. हाईकोर्ट ने सरकार से ये भी कहा कि वह पहले से भुगतान किए गए किसी भी शुल्क को वापस लौटाए और भविष्य में किताबों, स्टेशनरी, ड्रेस और अन्य शैक्षिक जरूरतों से संबंधित सभी खर्चों का बोझ उठाए. एक अंग्रेजी दैनिक की एक खबर के मुताबिक जस्टिस बी पुगलेंधी की पीठ ने बच्चे के पालन-पोषण और दूसरी जरूरतों के लिए सालाना 1.20 लाख रुपये या 10,000 रुपये प्रति महीने दिए जाने का आदेश भी दिया है. ये रकम तब तक दी जाएगी जब तक कि बच्चा ग्रेजुएट या 21 साल का नहीं हो जाता. यह फैसला 2016 में थूथुकुडी की एक महिला द्वारा मदुरै बेंच में दायर याचिका पर जारी किया गया. हाईकोर्ट में मामले को लाने वाली महिला एक गृहिणी है और उसके पति एक खेतिहर मजदूर हैं. उनके पहले से ही दो बच्चे थे. उसने 2013 में थूथुकुडी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नसबंदी कराने का विकल्प चुना था. हालांकि एक कथित मेडिकल लापरवाही के कारण उसने मार्च 2014 में फिर से गर्भधारण किया और बाद में जनवरी 2015 में तीसरे बच्चे को जन्म दिया. आगे से गर्भधारण को रोकने के लिए उसे एक और नसबंदी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा. बाद में उसने डॉक्टर की कथित लापरवाही के लिए मुआवजे की मांग करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया. जस्टिस पुगलेंधी ने कहा कि विभिन्न सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के जरिये देश भर में लागू किया जा रहा परिवार नियोजन कार्यक्रम पूरी तरह से सरकार के दायरे में आता है।

## विचार मेट्रो प्राइम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में संवाद कार्यक्रम

# जबलपुर की चिकित्सा सुविधाओं के विकास हेतु वैदिक विद्वान ब्राह्मणों ने दिया आशीर्वाद

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में पिछले 10 सालों में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। नई नई टेक्नोलॉजी उपलब्ध हुई हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बहुत विकास हुआ है। आधुनिकतम मशीनों की उपलब्धता से परफेक्ट डायग्नोसिस और उपचार अब आसान हुआ है। जबलपुर में विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं और उनकी उपलब्धता बढ़ती भी जा रही है फिर भी हम आज विज्ञान का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। हम उपलब्ध अत्याधुनिक जांचों को समय - समय पर कराकर, ज्योतिष कुंडली के सामान ही अपनी हेल्थ कुंडली बनाकर बड़ी बीमारियों से बच सकते हैं। इसलिए हम हेटा यानि हेल्थ डेटा का कांसेप्ट लेकर आये हैं, ताकि स्वास्थ्य सम्बन्धी सारी जांच रिपोर्ट्स एक जगह, एक हॉस्पिटल में सुरक्षित रहें और हमारे डॉक्टर आपकी समस्याओं को बहुत बारीकी से अध्ययन कर उसका सफल समाधान कर सकें, और यह तभी संभव होगा जब हम अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे, संक्रामक बीमारियों की तो वैक्सीन बन गयी हैं इसलिए इनसे खतरा न के बराबर है लेकिन असंक्रामक बीमारियाँ जानलेवा बन रही हैं। हम तो केवल इतना चाहते हैं कि आप हेल्थ के प्रति इतना जागरूक हो जाएं कि आप बीमार ही न हों। उक्त विचार मेट्रो प्राइम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया ने संस्कारधानी के वैदिक विद्वान ब्राह्मणों के साथ आयोजित संवाद में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। अध्यक्ष की आंसदी से उन्होंने विद्वान विप्रजनों से आहवान किया कि वे समाज को इस विषय पर जागरूक कर सकते हैं क्योंकि उनके पास समाज के हर वर्ग तक सीधी पहुंच है। जन्म से लेकर मृत्यु तक और उसके पश्चात के कर्म काण्ड तक आपके बिना कुछ नहीं होता, आप चाहें तो समाज में नई क्रांति लाई जा सकती है। आज के संवाद का मुख्य उद्देश्य भी यही है।



### पंडित रोहित दुबे का अभिनंदन सम्मान

कार्यक्रम का आरम्भ, उपस्थित सेकड़ों वैदिक विद्वानों द्वारा स्वस्ति वाचन से हुआ। कार्यक्रम में नगर के सम्माननीय वैदिक विद्वान ब्राम्हणों का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर पंडित रोहित दुबे का अभिनंदन सम्मान किया गया । मेट्रो प्राइम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में कार्यक्रम के दौरान शंभू दयाल बड़ेरिया संस्थापक, राजीव बड़ेरिया प्रबंध संचालक, डॉ सुनील मिश्र संचालक सीएसआर के साथ-साथ समाज के वैदिक विद्वान् ब्राह्मण नगर पंडित सभा के अध्यक्ष पंडित अखिलेश त्रिपाठी,वासुदेव शास्त्री,संजय मिश्रा, बृजेश दीक्षित, मुन्ना महाराज, शेलेन्द्र तिवारी, सुरेंद्र गर्ग,पंडित दया राम शास्त्री, पंडित मथुरा प्रसाद शास्त्री,मुन्ना महाराज तथा 200 से अधिक वैदिक ब्राम्हण शामिल हुए।

### भगवान धन्वंतरी के आशीर्वाद से ही चिकित्सा क्षेत्र में सेवा संभव

आचार्य हरिशंकर दुबे ने कहा कि भगवान् श्री लक्ष्मी नारायण जी की कृपा से माँ नर्मदा की इस पावन संस्कारधानी के गौरवमयी परम्परा का निर्वाह करते हुए आप सभी की उपस्थिति से पवित्र मंदिर तुल्य इस सभागार में यह कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है,यह 17 वा संवाद है , मुझे लगता है ,इस संवाद को सबसे प्रथम होना चाहिए था,क्योंकि यहाँ आज इन 200 से अधिक देवताओं की उपस्थिति है, सबसे पहले इनकी ही शरण में आना था , लेकिन वैशाख मॉस की शुक्ल पक्ष की दसवी तिथि में आपकी यात्रा और आपका विचार प्रताप दस गुना हो जाए, यहाँ पर जो बैठे हुए हैं वे पार्थिव प्रतिमाएं नहीं हैं , परमात्मा की उस पार्थिव काया के जीवंत स्वरूप हैं भगवान धन्वंतरी के आशीर्वाद से ही चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा संभव है।

## अस्थमा को छुपाना खतरनाक हो सकता है
# समय पर इलाज ही जीत है

### विश्व अस्थमा दिवस पर बोले डॉक्टर दीपक शुक्ला

जबलपुर, यशभारत। अस्थमा के कम निदान और उपचार के लिए विभिन्न योगदान कारकों में रोग जागरूकता की कमी, इनहेलेशन थेरेपी का खराब पालन, निरक्षरता, गरीबी और सामाजिक कलंक शामिल हैं। रोगी अक्सर अपने शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं जो अंततः उन्हें और अधिक गंभीर स्थिति में ले जाता है। ग्लोबल अस्थमा नेटवर्क (जीएएन) के अध्ययन के अनुसार, भारत में शुरुआती लक्षणों वाले 82 फीसदी और गंभीर अस्थमा के 70 फीसदी मरीजों का पता नहीं चल पाता है। निदान किए गए रोगियों में इष्टतम उपचार के पालन का प्रतिशत भी बहुत कम है, जिसमें 2.5त्न से कम रोगी दैनिक इनहेलेशन थेरेपी का उपयोग करते हैं। यह बात पत्रकारवार्ता में डॉक्टर दीपक शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि अस्थमा, जिसे अक्सर आम जनता द्वारा स्वास, दमा या सर्दी और खांसी के रूप में संदर्भित किया जाता है, एक पुरानी सांस की बीमारी है जो सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द, खांसी और घरघराहट का कारण बनती है। यह रोग फेफड़ों के वायुमार्ग को प्रभावित करता है, जिससे पुरानी सूजन हो जाती है, जिससे वायुमार्ग ट्रिगर के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाता है जिससे अस्थमा के दौरे की संभावना बढ़ जाती है।



डॉ दीपक शुक्ला ने प्रकाश डाला अस्थमा को एक कलंक के रूप में माना जाता है और कई रोगी इस बीमारी को छुपाते हैं। यह केवल तब होता है जब लक्षण बढ़ जाते हैं या असहनीय होते हैं, एक रोगी एक चिकित्सक से परामर्श करता है और निर्धारित दवा लेगा। हमें रोगियों को यह याद दिलाते रहना चाहिए कि लक्षण मुक्त अस्थमा मुक्त नहीं है। यह अस्थमा प्रबंधन में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। कई मरीज़ बेहतर महसूस करने पर इनहेलर का इस्तेमाल बंद कर देते हैं। यह विच्छेदन अक्सर लक्षणों के भड़कने की ओर जाता है जो रोग के परिणामों को खराब कर सकते हैं। इसके अलावा, गलत धारणाएं जैसे इनहेलर हानिकारक और आदत बनाने वाली भी उपचार गैर-पालन में भूमिका निभाती हैं। इसलिए इसे आक्रामक तरीके से संबोधित करने की जरूरत है।

## आयुध निर्माणी का पूरा इस्टेट अमर शहीदों को दी गई सलामी से गूंजा

### मजदूर दिवस पर यूनियन के कर्मचारियों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी

**जबलपुर,यशभारत।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सोमवार को आयुध निर्माणी खमरिया में लेबर यूनियन के द्वारा सुबह राम मंदिर ईस्ट लैंड से प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने सामूहिक रैली के रूप में पूरा इस्टेड का भ्रमण किया जिससे पूरा इस्टेट अमर शहीदों को दी गई सलामी से गूंज उठा, अन्त में खमरिया बाजार में रैली का समापन नेताओं के भाषणों के बाद किया गया ।

इस मौके पर वरिष्ठ नेता रामप्रवेश ,अर्नब दासगुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह, दिनेश नामदेव, शरद अलवल, शिवेंद्र रजक हरीश चौबे , सुकेश दुबे, संगम कुमार , प्रभात रंजन , गौतम शर्मा , संजीव आदि सभी नेताओं ने मौजूदा कर्मचारियों की चुनौतियों को बताते हुए संघर्ष के लिए तैयार रहना को कहा , शाम को मई दिवस के अवसर पर सिविक सेंटर से ट्रेंड यूनियन काउंसिल के तत्वाधान में रैली निकाली जायेगी ।





## पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ एफआईआर की मांग लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन

**जबलपुर,यशभारत।** आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ एफआईआर की मांग लेकर कलेक्ट्रेट में भगवान सहस्त्रबाहु को मानने वाले लोगों ने प्रदर्शन किया और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग कि वे मामले को प्रदेश सरकार के संज्ञान में लाएं और पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ एफआईआर करते हुए कार्यवाही करें। समाज के अध्यक्ष मनोहर चौकसे ने बताया कि पं. धीरेंद्र शास्त्री हिंदू समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होनें 1 हजार भुजाओं के बराबर बल का वरदान प्राप्त भगवान सहस्त्रबाहु के बारे में गलत टिप्पणियों करते हुए आरोप लगाए है जो कि काफी निंदनीय है।

## मजदूर दिवस पर डॉक्टर और कर्मचारियों ने काला रिबन बांधकर किया गया काम

### सुबह 11 से 1 बजे तक बंद रहीं विक्टोरिया की सारी ओपीडी

**जबलपुर,यशभारत।** शासकीय, स्वशासी चिकित्सक महासंघ के बैनर तले सोमवार को जिला अस्पताल विक्टोरिया में मजदूर दिवस पर डॉक्टरों और कर्मचारियों द्वारा हाथ में काला रिबन बांधकर काम किया गया। शासकीय स्वाशासी चिकित्सक महासंघ मप्रके सचिव डॉ. पंकज ग्रोवर ने बताया कि ओल्ड पेंशन स्कीम सहित दो अन्य मुद्दों को लेकर डॉक्टर्स की प्रदेश स्तरीय हड़ताल एक माह पहले हुई थी लेकिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आश्वासन के बाद भी उनकी मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। डॉ. ग्रोवर के अनुसार मंगलवार को विक्टोरिया अस्पताल में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक हड़ताल स्वरूप सभी ओपीडी बंद रहेंगीं। 2 मई तक डॉक्टरों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो अनिश्चिकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।



## समलैंगिक विवाह के खिलाफ संतों के प्रबुद्ध वर्ग ने खोला मोर्चा

### राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप की सुधार की मांग

**जबलपुर,यशभारत।** संत समाज के प्रबुद्धजनों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन को राष्ट्रपति के नाम पर ज्ञापन सौंपा और मांग की कि हिंदु धर्म में पिछले हजारों सालों से जो सनानती परंपरा चली आ रही है उसे न छेड़ा जाए, नहीं तो आने वाले दिनों में संत समाज के द्वारा वृहद आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में संतों ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा कोर्ट में पश्चिम सभ्यता को दिखाते हुए कहा गया है कि नारी, नारी से विवाह कर सकती है और पुरूष-पुरूष से। जो कि पूर्णतः गलत है। अगर ऐसा हुआ तो संत समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। संतों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप इसमें सुधार करने की बात कही है। संतों के अनुसार समलैंगिक प्रचलन हमारे संप्रदाय में है ही नहीं। पशु भी नियमों का पालन करते हैं फिर तो ये आम आदमी हैं। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में प्रबुद्ध संतों की उपस्थिति रही। सनातन धर्म परंपराओं को निभाते चला आ रहा है।





## शहीदों को नमन कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मनाया गया मजदूर दिवस

जबलपुर,यशभारत। मध्यप्रदेश मेडिकल कॉलेज सफाई कर्मचारी संघ , आउटसोर्स कर्मचारी संघ और मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के बैनर तले मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मजदूर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल के वार्ड ब्वॉय, सफाई कर्मी, नियमित कर्मचारी, रानी अवंती बाई के कर्मचारियों का मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष महेंद्र शर्मा द्वारा शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। अमेरिका के शिकागो में कर्मचारियों द्वारा दी गई शहादात को नमन करके मेडिकल के कर्मचारियों द्वारा श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं मेडिकल के डॉ. राजेश तिवारी ने कहा कि मेडिकल में कर्मचारियों के सहयोग को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। कर्मचारियों ने अस्पताल के अंदर हमेशा एक्टिव रहकर काम किया है। इस मौके पर कर्मचार नेता अजय दुबे भी मौजूद रहे।

## भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष जल्द दें इस्तीफा जिला कांग्रेस कमेटी

**जबलपुर,यशभारत।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह, सांसद यूपी के खेल मंत्रालय के खिलाफ एफआईआर करते हुए कार्यवाही की मांग जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव अजय सोनी और विधि एवं मानवाधिकार विभाग ने की है। कांग्रेसियों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष से इस्तीफे की भी मांग की है। इस संबंध में कांग्रेस के जिला सचिव अजय सोनी ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि देश का नाम रोशन करने वाली राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का कृत्य बेहद निंदनीय है। इसको लेकर जंतर-मंतर दिल्ली में धरने पर बैठे रेसलर्स भी परेशान हैं। महिला पहलवानों के साथ एकजुटता का समर्थन जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर ने किया है। जिला कांग्रेस कमेटी विधि और मानवाधिकार विभाग के जिला सचिव अजय सोनी, इंका के राजकुमार चौधरी, लखन साहू, ने इस्तीफा देने मांग की है।

स्मिता गृह उद्योग
आप हमारे नये परिसर से सालभर रखने योग्य सभी प्रकार के मसाले (हल्दी, मिर्च, धनिया) आदि
नये पार्सल में पांच नये मसाले, अचार मसाला
पताः विजय नगर अहिंसा चौक, चौपाटी के सामने जबलपुर
(मो) 9425323934, 0761-2643638
रानीताल गढ़ाफाटक रोड शिवानी कॉम्पलेक्स जबलपुर (मो) 9425153638, 0761-2312695

INDIA'S BIGGEST CONSUMER & HANDLOOM EXHIBITION
Gurleen
MEGA TRADE FAIR
SOCIAL MEDIA PARTNER HAMARA Jabalpur
2 से 30 अप्रैल
TIMINGS: 4PM - 10PM
For More Info: 92155-56345 81031-02769
पोली पाथर सर्कस ग्राउंड, साउथ वेन्यू मॉल के पास, गोरीघाट रोड जबलपुर (म.प्र.)

AMOI THAI SPA
(ALL TYPES OF BODY MASSAGES)
CONTACT- 0761-4106211(M.) 9893051927
ADD- 2ND FLOOR, OPSSITE SAMDARIYA INN HOTAL , JAIN TOWER RASSEL CHOWK, NAPIER TOWN JBP (MP)

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

तांडव
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
दर्द का जानी दुश्मन
तांडव तेल
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
TANDAV HERBAL PHARMACY Customer Care : +91 7974979179

अमर शहीद स्मृति मेला
विशेष आकर्षण
• आधुनिक झूले
• खान-पान चौपाटी
• आर्ट और क्राफ्ट स्टॉल
पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर
प्रवेश द्वार-रानीताल चौक के सामने वाले गेट से
गोलबाजार मैदान, जबलपुर
प्रतिदिन सायं 5.30 से रात्रि 10.30 तक
आयोजक - महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

एडमीशन ओपन
ëA name of Quality Educationí
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
अधारताल/गोहलपुर जबलपुर
चुने यही स्कूल क्योंकि यहां से
- अधिकतम छात्र IIT/NEET/ICAR में सलेक्ट होते हैं।
- अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, कम्प्यूटर लैब
- प्रतिवर्ष बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम
- 10th/12th में परसेंट बढ़ाने CBSE/ICSE से एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
इसी माह की पेपर कटिंग लाने पर स्पेशल डिस्काउंट
हॉस्टल एवं बस सुविधा उपलब्ध
30 अप्रेल तक Admission लेने पर वाहन सुविधा फ्री
लिमिटेड सीट
Mrs. Sonal Tiwari (Principal)
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास अधारताल, मो. 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक जबलपुर मो. 9111009016, 0761-4111321

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )

## नेताजी सुभाष चंद्र मेडिकल अस्पताल के हाल बेहाल

# डिजिटल एक्सरा मशीन 7 दिन से खराब

**जबलपुर, यशभारत। संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल में शुमार नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं भगवान भरोसे हो चुकी है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि मरीजों के इलाज के लिए सबसे उपयोगी डिजिटल एक्सरा मशीन बीते 7 दिन से खराब है जिसकी वजह से मरीजों को परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है। जानकर हैरानी होगी कि मशीन इतने दिनों से खराब है लेकिन जिम्मेदारों ने अब तक सुध नहीं ली है।**




बताया जा रहा है कि मशीन के देख-रेख की जिम्मेदारी डीन ऑफिस से है लेकिन जिम्मेदारों ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाए हैं। मशीन खराब होने की वजह से मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

### 500 मरीज रोज हो रहे परेशान

डिजिटल एक्सरा मशीन खराब होने से करीब 500 मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि डिजिटल एक्सरा मशीन से रोजाना 500 मरीजों का एक्सरा होता है लेकिन तब से मशीन खराब है मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।

### पार्टस खराब, हाईटस कंपनी की जिम्मेदारी

बताया जा रहा है कि बीते एक सप्ताह से डिजिटल एक्सरा मशीन का एक पार्टस खराब हो चुका है जिसे बुलवाया गया है लेकिन पार्टस कब आएगा इसकी जानकारी किसी को नहीं है। जबकि मशीन की देख-रेख की जिम्मेदारी डीन कार्यालय से लेकर हाईटस कंपनी की है। संबंधितों को यह तक जानकारी नहीं है कि पार्टस कहां से आ रहे हैं और हाईटस कंपनी के जिम्मेदार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### इनका कहना है

करीब दो दिन से मशीन खराब है, इसकी जानकारी है, हाईटस कंपनी द्वारा मशीन की देख-रेख की जाती है उनके द्वारा ही खराब पार्टस को बुलवाया गया है। संभवत एक या दो दिन में मशीन का पार्टस आ जाएगा और मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

# जबलपुर में प्रेमिका से दुष्कर्म कर पति को फोटो भेज तुड़वाई शादी

## लग्न मंडप से बेरंग लौटी पीड़िता, सबूत मिटाने आरोपी बाप-बेटे मांग रहे 50 हजार रुपये

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के कोतवाली में दुष्कर्म का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर पुलिस कर्मियों के भी हाथों से तोते उड़ गए। दरअसल आरोपी युवक ने डिन्डौरी निवासी पेरामेडिकल छात्रा को झांसे में लेकर उसे प्रेम के जाल में फंसाया और फिर उसका एक वर्ष तक दैहिक शोषण करता रहा, इसी बीच युवक ने लग्न मंडप में दूसरी युवती से विवाह भी कर लिया, लेकिन जब पीड़िता छात्रा की शादी हो रही थी तो उसी समय आरोपी युवक ने उसके होने वाले पति को पूरे फोटो और वीडियो भेज दिए। जिसके बाद उसका विवाह टूट गया। इतना ही नहीं आरोपी युवक और पिता अब सबूत मिटाने के लिए पीड़िता के पिता से पचास हजार रुपये की डिमांड भी कर रहे थे। जिसके बाद थाने पहुंची पीड़िता की गुहार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, दोनों को कटनी से दबोच लिया है। दोनों से सख्ती से पूछताछ जारी है।

**पुलिस ने दोनों आरोपियों को कटनी से किया गिरफ्तार, जांच जारी**

पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता 23 वर्ष डिन्डौरी की निवासी है। जो जबलपुर में पैरामेडिकल कॉलेज की फर्स्ट ईयर की छात्रा थी। इसी बीच उसका संबंध आरोपी युवक से हुआ।

### झांसे में लेकर की ज्यादती

आरोपी भी पीड़िता के गांव का था, जिसने विवाह का झांसा देकर उसके साथ ज्यादती कर दी और बाद में कहीं और विवाह रचा लिया। लेकिन उसके बाद भी वह पीड़िता से फोन में बातें करता रहा। जब पीड़िता को इस बात की खबर लगी कि आरोपी युवक का विवाह हो गया है तो उसने बात करना बंद कर दी।

### टूट गयी पीड़िता की शादी

पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक यहां भी नहीं रुका और जब पीड़िता का विवाह हो रहा था, उसी समय आरोपी युवक ने उसके पति से संपर्क कर प्रेम प्रसंग के फोटो और वीडियो उसे भेज दिए। जिसके बाद पीड़िता का विवाह टूट गया।

### बाप ने कहा- दे दो पचास हजार रुपये

जब इस बात की शिकायत पीड़िता के पिता ने आरोपी के पिता से की तो आरोपी बाप और बेटे का कहना था कि पचास हजार रुपये लगेंगे। यदि रुपये दिए तो बात यहीं खत्म हो जाएगी, अन्यथा तुम्हारी बेटी का कहीं विवाह भी नहीं होने देंगे। जिसके बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ रोते हुए थाने पहुंची।

### आरोपियों को दबोचा

मामला दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी कोतवाली अनिल गुप्ता, एसआई राजरानी कैथवास और स्टॉफ का दल कटनी पहुंचा और आरोपियों को दबोच लिया गया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

# मौका मिलते ही ट्रेनों से मोबाइल पार करने वाला शातिर बदमाश जीआरपी के हत्थे चढ़ा

## आरोपी के कब्जे से एक लाख के मोबाइल जप्त

**जबलपुर यशभारत।** रनिंग ट्रेन एवं स्टेशन पर रेल यात्रियों के कीमती मोबाइल पार करने वाले आरोपी को जीआरपी ने दबोच लिया। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत दमोह जीआरपी ने बताया कि फरियादी कमलेश अहिरवार पिता डालचंद अहिरवार उम्र 30 साल निवासी ग्राम चैनपुरा थाना बटियागढ़ जिला दमोह का रेल्वे स्टेशन मुसाफिरखाना दमोह में नशे की हालत में होकर सो रहा था तभी एक अज्ञात व्यक्ति उसकी पेंट की जेब में रखा कीमती 22,999/- रुपए का मशरुका चोरी कर ले गया आरोपी की नींद खुलने पर देखा तो जेब में मो. नहीं था जिसकी रिपोर्ट फरि. द्वारा दमोह में करने पर देहाती नालिसी ली जाकर अपराध क्रं. 141/ 23 धारा 379 भादवि कायम किया गया एवं थाना जीआरपी सागर से अप. क्रं. 142/23 धारा 379 भादवि की केश डायरी प्राप्त हुई जिसमें घटना 26/04/23 को फरि लक्ष्मण प्रसाद मल्लाह पिता बद्री प्रसाद मल्लाह उम्र 30 साल निवासी सत्ताधार सोहावला थाना सिविल साईन जिला सतना का ट्रेन विंध्याचल एक्स से कटनी मुड़वारा से भोपाल की यात्रा कर रहा था यात्रा के दौरान फरि का एक मोबाइल जनरल कोच से चोरी कर ले गया जिसकी रिपोर्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर एवं स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विवेचना के दौरान सुश्री सिमाला प्रसाद पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर के निर्देशन में अपराधों की रोकथाम हेतु रविन्द्र कुमार गौतम उप पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद कुमार अहिरवार के नेतृत्व में सहायता केन्द्र प्रभारी दमोह सउनि एस. के. शर्मा एवं टीम प्र. आर. लव कुमार सिंह, आर. मनीष शर्मा, आर. नवाब सिंह आर रबिन्द्र मौर्य, म. आर. नगमा खान एवं आरपीएफ स्टाफ आर. राजीव मिश्रा, आर. सतेन्द्र यादव के द्वारा मुखबिर सूचना पर रेल्वे स्टेशन दमोह एवं ट्रेनों में चोरी करने वाले आरोपी किशन रजक पिता स्व. भैयालाल रजक उम्र 26 साल निवासी ग्राम ग्वारी थाना दमोह देहात के पास से चोरी का एक कीमती 22,999/- रुपए का एवं एक कीमती 13,400/- रुपए का वैधानिक कार्यवाही कर जमा किया गया। आरोपी से बारीकी से पूछताछ करने पर इस साल में 4-5 माह के अंदर विभिन्न ट्रेनों एवं स्टेशन से विभिन्न कंपनियों के 107 नग मो. कीमती 1.01,970/- रुपए कुल कीमती 1,38,369/- रुपए के चोरी किये थे जिन्हें थाना हाजा के इस्त. क्र. 1/23 धारा 41 (1-4) सी. आर. पी.सी./ 379भादवि में जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की जाकर आरोपी को गिरफतार किया गया है।



# पञ्चपर्व महाआरती महोत्सव

**जबलपुर, यशभारत।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में भगवती पीतांबरा मॉ बगलामुखी माता जी का पञ्चपर्व महाआरती महोत्सव वैशाख शुक्ल एकादशी से शुरू हुआ जो वैशाख शुक्ल पूर्णिमा चलेगा। पहले दिन पञ्चपर्व महाआरती रात्रि 8.30 बजे* पूज्य *ब्रह्मचारी श्री सुबुध्दानन्द * महाराज एवं *ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द के परम सानिध्य में संपन्न हुई।



### आद्याशक्ति का स्मरण ही कल्याण कारक-ब्रह्मचारी डॉ इन्दुभवानन्द

श्री सहस्त्र चण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवीभागवत के कार्यक्रम में सुभाष नगर हाऊसिंग बोर्ड कालोनी महाराजपुर, जबलपुर में चल रहे यज्ञ में व्यासपीठ से ब्रह्मचारी जी ने बताया कि बुद्धि को प्रेरणा देने वाली सबकी चेतना रूप में विद्यमान आद्याशक्ति के स्मरण से होता है, क्योंकि ज्ञान के बिना मनुष्य जन्म-मरण रूप भव बन्धन से छूटता नहीं। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद ने बताया कि भगवती सर्ग के रूप में निर्गुण, तुरीया शक्ति से महालक्ष्मी, महासरस्वती, महाकाली का आविर्भाव हुआ। प्रतिसर्ग के रूप में विष्णु, ब्रह्मा और रुद्र को क्रमशः पालन, सृजन, और संहार का प्रतिनिधि बताया।

# नशीले इंजेक्शन की गैंग के गुर्गे को पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर, यशभारत।** नशीले इंजेक्शनों की खेप की सप्लाई कर लाखों रुपये के वारे न्यारे करने वाली कुख्यात गैंग की धड़पकड़ जारी है। जिसके चलते पुलिस ने एक और आरोपी को दस इंजेक शनों के साथ शताब्दीपुरम में दबाच लिया है। एक दिन पहले ही पुलिस ने इसी गैंग गे गुर्गे मंत्री को दबोचा था। पकड़े गए दोनों ओोपियों से पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि पकड़ा गया आरोपी मंत्री की गैंग का एक गुर्गा इजेक्शन की खेप के साथ शताब्दीपुरम में खड़ा है। जो ग्राहक को माल की सप्लाई देने आया है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को दस इंजेक शनों के साथ गिरफ़्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है।

## प्रभारानी उपाध्याय का निधन

**जबलपुर।** एम पी उपाध्याय की धर्मपत्नी एवं सुनील व संजय उपाध्याय की माताश्री श्रीमती प्रभारानी उपाध्याय का निधन आज प्रातः हो गया है, अंतिम संस्कार आज दोपहर 3 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम में होगा।












### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
### लोककर्म विभाग निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक / पी.डब्ल्यू.डी./ई-टेण्डरिंग/पी.आर.ओ./72 दिनांक 01/05/2023

पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स.क्र. -03 | शहीद गुलाब सिंह वार्ड अतर्गत गुप्ता होटल के पास पुलिया निर्माण कार्य | जबलपुर | रू. 19.25 लाख (उन्नीस लाख पच्चीस हजार) | 04 माह |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 02.05.2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 02.06.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन क्रय की जाकर निविदा डाली जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार तथा भूस्वामी श्रीमती सुधा रानी वर्मा, उम्र 82 वर्ष, पत्नि स्व. लवकुश नारायण वर्मा एवं उनके वारसान, निवासी- 714, पूर्वी करिया पत्थर, आचार्य विनोबा भावे वार्ड, जबलपुर के द्वारा एक भूखण्ड 715 वर्गफुट का जो कि पूर्वी करिया पत्थर खसरा नंबर 345/1क व 345/2क, नं.बं. 264 डार्यवर्सन शीट 118, प्लाट नं. 158 का एक भाग है तथा जिस पर एक कच्चे खपरेलू मकान नं. 108 में संतोष तेकाम पिता स्व. प्यारे लाल तेकाम विगत लगभग 50 वर्षो से अपने परिवार के साथ निवासरत् है को विक्रय करने का अनुबंध करना चाहते है संतोष तेकाम ने उक्त संपत्ति अपने पुत्र शशांक तेकाम के नाम पर क्रय करने की इच्छा भी जाहिर की है। अतः उक्त संपत्ति का अनुबंध एवं विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त अनुबंधित संपत्ति पर यदि कोई व्यक्ति, बैंक व वित्तिय संस्था अपना हक व दावा रखता है और उन्हें इस विक्रय अनुबंध में आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति, कारणों व दस्तावेजों सहित आज दिनांक से 15 दिन के अंदर लिखित रूप में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। दी गई अवधि के पश्चात् आई आपत्ति मान्य और स्वीकार नहीं की जावेगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित संपत्ति का बैनामा व लिखा पढी क्रेता के पक्ष में निष्पादित करने के लिए स्वतंत्र होगा। जबलपुर दिनांक 01.05.2023 भवदीय-

अशोक रघुवंशी एड.
241 सर्वोदय स्कूल के पास कॉचघर, जबलपुर- 8517807393

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा ग्राम जुमनिया, पटवारी हल्का नंबर मुकनवारा, खसरा नंबर 66 का कुल रकवा 2.4900 हेक्टेयर तहसील व जिला जबलपुर को विक्रेता आनंद मनुरमानी आत्मज स्वर्गीय श्री वासुदेव मनुरमानी निवासी मकान नंबर 232, गुडविल अपार्टमेंट नेपियर टाउन जबलपुर वालो से क्रय करते हुये भविष्य में विक्रय पत्र का पंजीयन होना है। अतः उक्त संपत्ति के क्रय करते हुये विक्रय पत्र के पंजीयन में यदि किसी व्यक्ति बैंक/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था/ निगम/ विधिक वारसानों व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् उक्त संपत्ति का पंजीयन करा लिया जावेगा। भविष्य में किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। जबलपुर दिनांक 01.05.2023 भवदीय-

सुशील दुबे एड.
पता- म.नं. 06 शासकीय स्कूल के पास महाराजपुर जिला-जबलपुर- 9993207599, 9584047633
SAKET










### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग मण्डला (म.प्र.)
### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 05/2023-24 मण्डला, दिनांक 27.04.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है -

| ग्रप क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेक की अनुमानित राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2023_PWDRB_271788_1 | मण्डला | नवीनीकरण कार्य। | कुड़ेला मवई मार्ग लं. 31.00 किमी. एवं भीमडोंगरी करौदी मार्ग लं. 2.00 किमी. का नवीनीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 445.00 |
| 2 | 2023_PWDRB_271792_1 | मण्डला | नवीनीकरण कार्य। | घुटास उमरिया से मेहली ईलाही मार्ग लं. 19.26 किमी. का नवीनीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 264.92 |
| 3 | 2023_PWDRB_271794_1 | मण्डला | नवीनीकरण कार्य। | अहमदपुर से भावझर पहुंच मार्ग लं. 0.45 कि.मी. छतरपुर पहुंच मार्ग लं. 2.00 किमी. लाटो पहुंच मार्ग 1.50 किमी. मण्डला घुघरी मार्ग से कान्ड्रा पहुंच मार्ग लं. 2.00 किमी. एवं मदनपुर नैझर मार्ग लं. 4.00 कि.मी. कुल लं. 9.95 किमी. | प्रथम आमंत्रण | 86.60 |
| 4 | 2023_PWDRB_271795_1 | मण्डला | नवीनीकरण कार्य। | जगनाथर करियागांव मार्ग लं. 4.00 किमी. औरई घोंट मार्ग लं. 2.00 कि.मी. मांझीपुर से गीधाझोर मार्ग लं. 3.00 किमी. एवं पी.डब्ल्यू. डी. कालोनी बिछिया पहुंच मार्ग लंबाई 0.50 कुल लंबाई 9.50 कि.मी. | प्रथम आमंत्रण | 83.67 |
| 5 | 2023_PWDRB_271796_1 | मण्डला | नवीनीकरण कार्य। | कालपी छिन्दगांव पिपरिया मार्ग लं. 10.00 किमी. का नवीनीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 96.30 |
| 6 | 2023_PWDRB_271797_1 | मण्डला | नवीनीकरण कार्य। | टाटीघाट मानिकसरा से जमठार मार्ग लं. 14.20 किमी. का नवीनीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 250.38 |
| 7 | 2023_PWDRB_271798_1 | मण्डला | नवीनीकरण कार्य। | महाराजपुर से घाघा मार्ग लं. 16.53 किमी. का नवीनीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 218.08 |
| 8 | 2023_PWDRB_271799_1 | मण्डला | नवीनीकरण कार्य। | खड़देवरा पहुंच मार्ग लं. 0.30 किमी., गौझी से मोहनदास आश्रम पहुंच मार्ग लं. 1.40 कि.मी. मालीमोहगांव तिराहे से खापाकला मार्ग लं. 2.50 कि.मी., पौण्डी बसनिया मार्ग लंबाई 2.40 किमी., सहजनी से चिरईडोंगरी मार्ग लं. 1.80 कि.मी., एन.एच.12ए से कुड़वन पहुंच मार्ग लं. 2.00 किमी. धौरगांव पहुंच मार्ग लं. 1.20 किमी. ववेहा जुझारी से बकछेरा गोंदी मार्ग लं. 1.70 किमी. एवं सागर पहुंच मार्ग लं. 1.40 किमी. कुल लंबाई 14.70 किमी.। | प्रथम आमंत्रण | 137.65 |
| 9 | 2023_PWDRB_271800_1 | मण्डला | नवीनीकरण कार्य। | कन्हरगांव पहुंच मार्ग लं. 2.00 किमी. अलीपुर पहुंच मार्ग लं. 0.80 किमी., हवाई पट्टी पहुंच मार्ग लं. 1.20 किमी. एवं लालपुर जिला सीमा पहुंच मार्ग लं. 1.50 किमी. कुल लंबाई 5.50 किमी. का नवीनीकरण कार्य | प्रथम आमंत्रण | 53.42 |
| | | | | | योग | रू. 1636.02 |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 08.05.2023 (17:30) बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगें। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा।

जी-12296/23

कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.विभाग (भ/स) संभाग मण्डला



# मध्य प्रदेश में आज दो घंटे और कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर सरकारी डाक्टर

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में पहली बार स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के सभी डाक्टरों ने एक साथ आकर आंदोलन की चेतावनी दी है। चिकित्सक महासंघ ने मंगलवार को सुबह 11 से एक बजे (दो घंटे) तक काम बंद आंदोलन की घोषणा की है। बुधवार से वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। इसमें इमरजेंसी सेवाओं से लेकर पोस्टमार्टम तक बंद करने की चेतावनी उन्होंने दे दी है। जूडा भी उनके साथ है। संगठन की सबसे बड़ी मांग समयबद्ध क्रमोन्नति के लिए डायनमिक एश्योर्ड करिअर प्रोग्रेसिव स्कीम (डीएसीपी) लागू करना है। इसके अलावा पांच अन्य मांगें हैं। अपनी मांगों के समर्थन में डाक्टरों ने च्चिकित्सा बचाओ, चिकित्सक बचाओज्ज संपर्क यात्रा निकाली थी।

15, 16 और 17 फरवरी को महासंघ के बैनर तले डाक्टरों ने आंदोलन किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात के बाद 17 फरवरी को उन्होंने आंदोलन स्थगित कर दिया था। मुख्यमंत्री ने मांगों के संबंध में एक समिति बनाकर विचार करने को कहा था, लेकिन बातचीत का कोई हल नहीं निकला।



## 12 घंटे की बैठक के बाद भी कोई हल नहीं निकला

मांगों को हल करने के लिए बनी समिति के अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव(एसीएस)मो. सुलेमान की उपस्थिति में तीन दौर की 12 घंटे की बैठक हुई। इसमें चिकित्सा महासंघ के पदाधिकारी भी शामिल थे। मांग के ज्यादातर बिंदुओं पर सहमति के बाद आदेश जारी होने की उम्मीद थी, पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने से महासंघ ने फिर आंदोलन शुरू कर दिया है। महासंघ के संयोजक डा. राकेश मालवीय ने कहा कि एक बार सहमति बन गई थी, पर एसीएस ने उसमें कुछ बदलाव कर दिया है, जिसे संघ ने अस्वीकार कर दिया है। अब आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

### यह हैं प्रमुख मांगें

-केंद्र, बिहार एवं अन्य राज्यों की तरह प्रदेश के चिकित्सकों हेतु डीएसीपी योजना का प्रविधान।
- स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं बीमा अस्पताल (ईएसआइ) की वर्षो से लंबित विभागीय विसंगतियां दूर हों।
- चिकित्सकीय विभागों में तकनीकी विषयों पर प्रशासनिक अधिकारियों का हस्तक्षेप दूर किया जाए। -राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा चिकित्सकों (एमबीबीएस) की मप्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जाने चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाए।
- एमबीबीएस के बाद ग्रामीण सेवा बांड राशि को कम करना तथा शिक्षण शुल्क जो कि देश में सर्वाधिक है को कम करना।- विभाग में कार्यरत समस्त बंधपत्र चिकित्सकों का वेतन समकक्ष संविदा चिकित्सकों के समतुल्य करना।



# भोपाल मंडल में दस रेलवे स्टेशनों पर बिकेंगे हैंडलूम उत्पाद व खिलौने

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल मंडल के 10 रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत विशेष स्टाल स्थापित किए जा रहे हैं। यहां यात्रियों को स्थानीय व्यंजन, हस्तशिल्प, कपड़ा और हथकरघा, स्थानीय खिलौने, चर्म उत्पाद, पारंपरिक उपकरण, गारमेंट्स, स्थानीय रत्न और आभूषण आदि मिल सकेंगे।स्टेशनों पर राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान द्वारा डिजाइन किए गए स्टाल स्थापित किये जा रहे हैं। भोपाल मंडल के भोपाल, रानी कमलापति, होशंगाबाद, इटारसी, हरदा, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, अशोक नगर एवं गुना स्टेशन पर डिजाइन के अनुरूप स्टाल स्थापित किये जा रहे हैं। इनमें से पांच स्टेशनों पर स्टाल स्थापित कर दिए गए हैं। विदिशा, गंजबासौदा, बीना, अशोकनगर एवं हरदा में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। समाज के लिए एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्थानीय कारीगरों और कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए यह योजना शुरू की गई है।केंद्रीय बजट 2022-23 में घोषित इस योजना का उद्देश्य भारत सरकार के लोकल विजन के लिए वोकल को बढ़ावा देना, स्थानीय उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराना, रेल यात्रियों को भारत की समृद्ध विरासत और स्थानीय उत्पादों का अनुभव करने का अवसर प्रदान करना, समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर सृजित करना है।स्थानीय उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा और लघु उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से रेलवे ने नियम आसान किए हैं। रेल प्रशासन के अनुसार मंडल के रेलवे स्टेशनों पर लगाए गए एक स्टेशन एक उत्पाद स्टाल दूरदराज से आने वाले रेल यात्रियों को लगातार आकर्षित कर रहे हैं।



# कोर्ट में सुनवाई के लिए पहुंचे शख्स ने पत्नी को दिया ट्रिपल तलाक

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में एक ट्रिपल तलाक का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि गुना जिले में एक शख्स पर अपनी पत्नी को तीन तलाक देने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि ट्रिपल तलाक को च्तलाक-ए-बिद्दतज भी कहा जाता है। यह एक ऐसी प्रथा थी जिसमें एक व्यक्ति बिना कोई कारण बताए अपनी पत्नी को तीन बार च्तलाकज कह कर तलाक दे सकता था। साल 2018 में इसपर बैन लगा दिया गया।

पुलिस ने बताया कि राजस्थान के बारां जिले के रहने वाले जहीर खान की पत्नी ने ट्रिपल तलाक की शिकायत की थी। जहीर की पत्नी मध्य प्रदेश में अपने मायके में साल 2019 से रह रही हैं। वहीं उनके पति राजस्थान में रहते हैं। विवाद के बाद जहीर की पत्नी अपने मायके चली आई। राघौगढ़ थाना प्रभारी अनूप भार्गव ने बताया कि महिला की शिकायत के बाद आरोपी जहीर खान के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महिला ने एक अदालत में अपने पति से भरण-पोषण के लिए मामला दायर किया था। शनिवार को महिला का पति जहीर खान सुनवाई के लिए आया था। वहीं महिला की मां और रिश्तेदारों की मौजूदगी में जहीर ने उसे तीन तलाक दे दिया। इसके बाद महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की।

**MP में केस दर्ज**

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में तीन तलाक को संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करार दिया था। साल 2018 में केंद्र सरकार मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम लेकर आई। इसके बाद ट्रिपल तलाक पर बैन लगा दिया गया। ऐसा करने पर तीन साल की जेल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

# BPL राशन कार्ड बनाने का फर्जीवाड़ा का भंडाफोड़

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले की तहसील माकड़ोन में गरीबो के राशन पर डाका दाल फर्जी बीपीएल कार्ड का मामला सामने आने के बाद तहसील में हड़कंप सा मच गया। ताबड़तोड़ उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जांच दाल बनाकर सात दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। जानकारी अनुसार बीपीएल कार्ड तहसील दारो के द्वारा जारी किए जाते है। इसके पहले 30 हजार फर्जी बीपीएल राशन कार्डधारी को उज्जैन कलेक्टर आशीष सिंह ने निरस्त किया था। उज्जैन जिले के माकड़ोन तहसील में नकली सील और साइन कर फर्जी बीपीएल राशन कार्ड धरियो का मामला सामने आया है। जहां तहसील के कई गांवो में फर्जी राशन कार्ड बना दिए गए। इस मामले की जानकारी 20 अप्रैल को एसडीएम एकता जायसवाल को लगी तो उन्होंने इसकी जांच के आदेश दिए और आश्चर्य प्रकट किया की। इतनी बड़ी संख्य में कार्ड कैसे जारी हो गए जांच में सामने आया की यह राशन कर फर्जी है। इस पर साइन और सील नकली है और जिस अधिकारी की है उसका डेढ़ साल पहले ट्रांसफर हो चूका है। अनभिभागीय अधिकारी ने बताया की तहसील के खेड़ा चितवालिया पचोला कतवारिया गुदलड़िया गांव में बने है। बीपीएल राशन कार्ड के अधिकृत तहसील दार होते है और लोक सेवा गारंटी के तहत बनाये जाते है। इसमें दिए आवेदन पर पटवारी और सचिव द्वारा आवेदन की जांच कर तहसीदार को प्रतिवेदन भेजा जाता है। माकड़ोन तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा ने बताया की माकड़ोन जनपद में कुछ ऐसे बीपीएल प्रमाणपत्र मिले है जो की फ़र्ज़ी है। एसडीएम ने इसमें से 18 नामो की सूचि दी है। जांच करने को कहा है जो प्रकरण नंबर देखने से ज्ञात हुआ की यह सभी फ़र्ज़ी राशनकार्ड है इस मामले में जांच की जा रही है यह कहां से बने है और किसने बनाये है। इन 18 नामो में से 6 परिवारों ने इसका लाभ भी लिया है । उन्हें चिन्हित कर कार्यवाही की जाएगी।



**तहसीलदार की नकली साइन**

# एमएलबी ने रचा इतिहास, पांच दिन में तैयार कर जारी किया रिजल्ट

■ भोपाल, यशभारत।

आज के दौर की लड़कियां जमाने से कदमताल ही नहीं कर रहीं, बल्कि कई मामलों में वे लड़कों से कुछ कदम आगे भी हैं। इसी क्रम को राजधानी के एक कॉलेज ने भी दोहराया। ये कॉलेज लड़कियों की शिक्षा के कर्तव्य निभा रहा है। परीक्षा समाप्ति के महज पांच दिन में परिणाम तैयार कर इसको वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। परिणाम भी शत प्रतिशत के तौर पर एक नया इतिहास रच रहा है। राजधानी भोपाल के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में बीएचएससी (गृह विज्ञान) अंतिम वर्ष की परीक्षा आयोजित की थी। 24 अप्रैल को यह परीक्षाएं संपन्न हुई थीं। इसके बाद कापियां जांचने, परिणाम तैयार करने और इसको घोषित करने की तैयारी की गई। महाविद्यालयीन स्टॉफ ने इस कार्य में जुटकर काम किया और महज पांच दिन में परिणाम घोषित कर देने का एक इतिहास रच डाला। 24 अप्रैल को समाप्त हुई परीक्षा के परिणाम 29 अप्रैल की महाविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। प्राचार्या ने इस उपलब्धि के लिए सभी संबंधित स्टॉफ को इसका श्रेय देते हुए इस बेहतर काम के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने संबंधित शिक्षिकाओं को इस बात के लिए भी बधाई दी है कि उनके प्रयासों से बीएचएससी अंतिम वर्ष की परीक्षा के परिणाम शत प्रतिशत आया है।

# बाबा के भक्तों के लिए बनेगी टनल, भारत माता मंदिर से महाकाल चौराहे तक 24 मीटर लंबी सड़क का होगा निर्माण

**उज्जैन , यश भारत।** महाकालेश्वर मंदिर में चल रहे है विस्तारीकरण कार्य के तहत महाकाल मंदिर के सामने की ओर भारत माता मंदिर से महाकाल मंदिर चौराहे तक 24 मीटर लंबी सड़क निर्माण का कार्य चार दिन में शुरू होगा। इस मार्ग निर्माण का भूमिपूजन भी होना है। कलेक्टर ने निरीक्षण कर यहां लगे अस्थायी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।श्री महाकालेश्वर मंदिर में देशभर के श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विस्तारीकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है। महाकाल मंदिर के विस्तारीकरण के फेस-2 के कार्य में मंदिर के सामने की ओर अधिगृहित किए गए 11 मकानों का मुआवजा भी दिया जा चुका है। यहां 24 मीटर लंबी सड़क बनाने का कार्य शुरू हो रहा है। संभवतः चार मई को भूमिपूजन के साथ ही कार्य की शुरूआत भी हो जाएगी। रविवार को कलेक्टर ने भारत माता मंदिर से चौराहे तक निरीक्षण किया। इस दौरान यहां लगी पूजन सामग्री की अस्थायी दुकानों को हटाने के निर्देश दिए हैं।

# अगले महीने हर घर में नल से जल पहुंचाने का दावा

■ भोपाल, यशभारत।

शहर में गर्मी तेज होते ही पानी की समस्या बढ़ने लगी है। कई क्षेत्रों में इसके लिए विरोध प्रदर्शन भी शुरू हो गए हैं। वहीं दूसरी तरफ सरकार और प्रशासन दावा कर रहे हैं कि अगले महीने तक इंदौर के हर घर में नल से पानी पहुंच जाएगा।हाल ही में हर घर नल से जल के संकल्प को साकार करने वाली, केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल संजय कुमार अथवान द्वारा की गई। बैठक में मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री तथा इन्दौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों में पदस्थ कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री व उपयंत्री उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, व्ही. एस. सोलंकी, द्वारा परिक्षेत्राधीन चल रहे कार्यो की जानकारी प्रस्तुत की गई एवं अवगत कराया गया कि वर्तमान में परिक्षेत्राधीन किसी भी जिले में गंभीर पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होने जैसी कोई स्थिति सामने नहीं आई है। जिस दिन अधिकारी यह दावा कर रहे थे तब भी इंदौर में पीने के पानी के लिए प्रदर्शन जारी थे।रहवासियों ने एमआर 5 रहवासी संघ और महालक्ष्मी नगर रहवासी संघ के नेतृत्व में नर्मदा जल के दूषित पानी के सप्लाई को लेकर प्रदर्शन किया। महालक्ष्मी नगर रहवासी संघ के सचिव ब्रजेश पचौरी ने कहा कि एमआर 5 सेक्टर में पिछले एक साल से दूषित पानी की समस्या बनी हुई है। नर्मदा की पानी में ड्रेनेज का पानी मिक्स हो रहा है। लगातार चेक करने के बावजूद यहां समस्या बनी हुई है। कुछ फॉल्ट मिले जिन्हें सुधारा गया नगर निगम द्वारा लेकिन फिर भी समाधान नहीं हुआ। टैंकरों के द्वारा भी पानी उपलब्ध समय पर नहीं हो पा रहा है और ड्रेनेज की भी समस्या बनी हुई है। ड्रेनेज की सफाई करने के लिए टीम नगर निगम की नहीं आ पा रही है।



# खरगोन में कलयुगी बेटे ने बूढ़े पिता को पत्थर से कुचलकर मार डाला

## फिर लाश घसीटते हुए लाया घर

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में एक कलयुगी बेटे ने बूढ़े पिता को पत्थर से कुचलकर मार डाला। फिर पिता की लाश को घसीटते हुए घर लाया। घटना का वीडियो वायरल हुआ है। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में रिश्तों को कलंकित करने वाली घटना सामने आई है। जिले के करही थाना क्षेत्र में एक कलयुगी बेटे ने पत्थर से मारकर अपने बूढ़े पिता की हत्या कर दी। हत्यारा बेटा यहीं नहीं रुका। पिता की हत्या करने के बाद उसने शव को पैरों से पकड़कर घसीटते हुए अपने घर तक ले गया। गांव के ही कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हत्या की यह वारदात शनिवार दोपहर की है। घटना की सूचना मिलने के बाद करही थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पिता के हत्यारे को हिरासत में ले लिया।



### ग्रामीणों ने आरोपी दिनेश चावरे शव को घसीटे जाने का वीडियो बना लिया

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, खरगोन जिले की महेश्वर तहसील के करही थाना क्षेत्र के ग्राम सुजलाखेड़ी में एक बेटे ने बूढ़े पिता की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। पिता की हत्या के बाद आरोपी ने लाश के दोनों पैरों को पकड़कर घसीटते हुए अपने घर तक ले आया। इस घटना को देखकर गांव के लोग डर गए। ग्रामीणों ने हत्यारोपी दिनेश चावरे द्वारा पिता राजू के शव को घसीटे जाने का वीडियो बना लिया।

### वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा है वायरल

यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बेटे द्वारा बूढ़े पिता की हत्या किए जाने की सूचना जैसे ही करही थाना पुलिस को मिली अधिकारियों के होश उड़ गए। आनन-फानन में एक पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया। पुलिस बल ने तुरंत गांव पहुंचकर पिता की हत्या के आरोपी दिनेश चावरे को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल हत्या की वजहों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है

करही थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि उन्हें शनिवार को दोपहर में डायल हंड्रेड नंबर पर सूचना मिली कि दिनेश नाम के लड़के ने अपने पिता राजू को पत्थर से मारकर उसकी हत्या कर दी है। सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने आरोपी दिनेश चावरे को गिरफ्तार कर लिया है। इस वारदात की इलाके में चर्चा है। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं पिता पुत्र के रिश्तों को तार-तार कर देती हैं। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# स्कूल में साथ थे, लव मैरेज की, अब पत्नी ने कर ली आत्महत्या

■ इंदौर, यशभारत।

बाणगंगा क्षेत्र में पारिवारिक कलह के कारण एक महिला ने जान दे दी। छह साल पहले महिला ने लव मैरेज की थी, लेकिन बाद में में पति-पत्नी के बीच विवाद इतने बढ़े कि महिला को जान देना पड़ी। पति-पत्नी दोनो एक ही स्कूल में पढ़ते थे और तब से ही दोनों के बीच प्यार था। छह साल पहले दोनों ने शादी कर ली थी।बाणगंगा पुलिस के अनुसार मृतका का नाम जान्हवी बटेडा है। वह शिवकंठ कॉलोनी में रहती थी। रात को उसने जहर पी लिया था। पति विजय उसे बेहोशी की हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।जहर पीने से पहले विजय और जान्हवी के बीच कहासुनी हो गई थी। दोनो का एक चार साल का बेटा भी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मृतका के कमरे से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।एरोड्रम क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने जहर खाकर अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। उसका मायका उत्तर प्रदेश में है। वहां होने वाली एक शादी में उसे जाना था, लेकिन उससे पहले ही उसने जहर खा लिया। पुलिस थाना एरोड्रम के अनुसार महिला का नाम प्रगति शर्मा है। डेढ़ साल पहले एरोड्रम निवासी मुकुल शर्मा से उसकी शादी हुई थी।



# प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी

## इंदौर तरबतर तो शाजापुर-धार के गांवों में बिछी बर्फ की चादर

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश में इन दिनों लोग सावन-भादौ जैसा फील कर रहे हैं। बीते तीन दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। रविवार को भी सुबह से कई जिलों में बारिश हुई है। इंदौर में एक इंच से ज्यादा बारिश हुई है तो शाजापुर ऐर धार जिले के ग्रामीण इलाकों में ओलावृष्टि से बर्फ की चादर बिछने जैसा नजारा दिखा है। जबलपुर के ग्रामीण इलाकों में जमकर बदरा बरसे हैं। पाटन में 11 सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई है। अगले 24 घंटों में 17 जिलों में बारिश-ओलावृष्टि के लिए ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, बालाघाट एवं कटनी जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इंदौर शहर में छाए बादल रविवार सुबह अचानक बरस पड़े। सुबह से तो हल्की बूंदाबांदी होती रही, लेकिन करीब साढ़े सात बजे तेज बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे हुई तेज बारिश से सड़कों पर पानी भरा गया। इंदौर में 24 घंटे में करीब एक इंच बारिश हुई। बताया जा रहा है कि 1895 के बाद अप्रैल में इतनी बारिश हुई है। राजधानी भोपाल में भी खंडवर्षा के हालात बने रहे। मौसम जानकार बता रहे कि भोपाल में मई का पहला सप्ताह भी बारिश भरा ही रहेगा। यानी तेज और रिमझिम बारिश का दौर जारी रहेगा।

# पुलिस गिरफ्त में आया लूट का आरोपी

**नरसिंहपुर, यशभारत।** स्टेशनगंज पुलिस थाना अंतर्गत पुलिस चौकी सिंहपुर ने लूट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी को गिरफ्त में लिया है। जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को प्रार्थिया कृष्णाबाई पति राजेश लोधी उम्र 30 साल निवासी ग्राम बारुरेवा चौकी सिंहपुर थाना स्टेशनगंज में रिपोर्ट दर्ज करायी कि प्रार्थिया 14 अप्रैल की रात करीबन 9.30 बजे से 10 बजे के बीच घर के बाहर आंगन में बर्तन मांजते समय मोहल्ले के ऋषिराज लोधी ने आकर इसके गले से सोने का हार वजनी करीबन 2 तोले का कीमती करीबन 50000 रुपये का खींचकर लूटकर ले गया, जिसके पीछे दौड़ते हुए पैर मोच खा गया, कि रिपोर्ट पर थाना स्टेशनगंज में अपराध क्रमांक 338/23 धारा 392 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हुये आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजेश्वरी कौरव के मार्गदर्शन में थाना स्टेशननगंज से उपनिरीक्षक विजय सेन, चौकी प्रभारी सिंहपुर उपनिरीक्षक यादवेन्द्र मरावी, सहायक उपनिरीक्षक जसवंत सिंह तेकाम, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र पाराशर, वरिष्ठ आरक्षक प्रमोद पाल, विजय धुर्वे, नेहा यादव, आरक्षक हिमांशु वर्मा, सैनिक अजय घोषी, सायबर सेल आरक्षक कुमुद पाठक, सुप्रिया गोहिया की टीम का गठन कर आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिये गये थे। पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया एवं तकनीकी माध्यमों से जानकारियां एकत्रित की गयी जिसके फलस्वरूप जानकारी प्राप्त हुयी कि आरोपी ऋषिराज पिता रेवाराम लोधी उम्र 30 साल निवासी ग्राम बारुरेवा सिंहपुर में है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये आरोपी को अभिरक्षा में लेकर व्यापक पूछताछ की गयी जिसने पूछताछ पर बारुरेवा में 14 अप्रैल की रात कृष्णाबाई लोधी के गले से सोने का हार खींचकर लूट करने की घटना को करना स्वीकार किया गया है। आरोपी द्वारा अपना अपराध कबूल करने पर चौकी सिंहपुर पुलिस द्वारा उससे घटना में लूट किया गया सोने का हार वजनी 2 तोला कीमती करीबन 50000 रुपये आरोपी के मेमोरेण्डम की निशादेही पर बरामद कर प्रकरण में जप्त किया गया है। आरोपी ऋषिराज लोधी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# ट्रांसफार्मर में भड़की आग, बड़ा हादसा टला

**पाटन, यशभारत।** बिजली विभाग की हद दर्जे की लापरवाही से सोमबार को नगर के सामुदायिक भवन में एक बड़ा हादसा टल गया गनीमत यह रही हादसे में किसी भी प्रकार की जन हानि नही हुई और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। ये है मामला- भवन में लगे ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने के कारण सोमवार को बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा महज कुछ घंटों पहले ही इस को बदला गया थी इसी दौरान जैसे ही बिजली सप्लाई चालू की गई ट्रांसफार्मर बहुत तेज़ बिस्फोट के साथ आग लग गयी भवन में कार्य कर रहे टेंट कर्मी ने बताया कि ट्रांसफार्मर के एक हिस्से में बेल्डिंग की गई थी बिजली चालू होते ही इसी हिस्से से



पहले तेल का रिसाव हुआ फिर बिस्फोट के साथ आग लग गयी जिसकी सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गयी मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों द्वारा जल्द सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया जिस समय यह हादसा हुआ आसपास लोग नही थे जिससे कोई जन हानि नही हुई।

# खराब फसलें लेकर किसान पहुंचे तहसील कार्यालय

**पाटन, यशभारत।** पाटन और आसपास के क्षेत्रों में बीते 2 दिनों से बारिश के साथ हो रही ओलावृष्टि से मूंग और उड़द के साथ मक्का की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है मटर की फसल के बाद आप ग्रीष्मकालीन फसलों में हुए नुकसान की वजह से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है मौसम की दोहरी मारने किसानों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है और इसी को लेकर पाटन के 10 ग्रामों के सैकड़ों किसान अपनी खराब फसलों को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे जहां एसडीएम शाहिद खान को मुआवजे की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया किसानों का कहना है कि खराब हुई फसलों का जल्द सर्वे कराया



जाए और उन्हें ?50000 प्रति हेक्टेयर मुआवजा राशि प्रदान की जाए ताकि किसान आर्थिक संकट से निकल सके किसान शिवकुमार गोंदिया प्रीतम सिंह ने बताया कि मटर के बाद अब मूंग उड़द की फसलें खराब होने से हम किसान की स्थिति दयनीय हालत में पहुंच गई है खाद बीज खरीदने की भी व्यवस्था नहीं है।

अगर सरकार मुआवजा राशि प्रदान करती है तो किसानों को बहुत हद तक आर्थिक मदद मिलेगी ओलावृष्टि से क्षेत्र की फसलें खराब हुई है संकट की घड़ी में सरकार किसानों के साथ है प्रशासनिक अमला को सर्वे हेतु मेरे द्वारा निर्देशित कर दिया गया है

**अजय विश्नोई विधायक पाटन**

## देवेन्द्र पटेल बने मंडल अध्यक्ष

**बेलखाड़ू, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा ने पडरिया निवासी देवेन्द्र पटेल को पाटन विधान सभा के नुनसर मंडल का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है।



## विजय यादव बने संभाग अध्यक्ष

**पनागर, यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष श्री जगदीश यादव जी द्वारा जबलपुर के कर्मठ कार्यकर्ता पूर्व जिलाध्यक्ष भाई विजय यादव को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है आपकी नियुक्ति पर समाज के समस्त वरिष्ठ जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।



## ब्राह्मण समाज सिहोरा का यज्ञोपवीत संस्कार 7 को

**सिहोरा, यशभारत।** ब्राह्मण समाज सिहोरा की इकाई युवा मंडल द्वारा ग्यारहवां यज्ञोपवीत संस्कार आगामी 7 मई को आयोजित किया जाएगा।यह आयोजन माता महाकाली मंदिर खितौला में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि समाज द्वारा यह ग्यारहवाँ आयोजन है जिसकी सभी तैयारियां हो चुकी है।

## करेली के बच्चे ने प्रदेश में मैथमेटिक्स में लहराया परचम

**करेली, यशभारत।** कहते हैं प्रतिभा की कोई उम्र नहीं होती अगर अच्छी शिक्षा और संस्कार मिले तो किसी भी उम्र में कोई भी व्यक्ति प्रतिभावान बन सकता है ऐसा ही करेली के नगरिया परिवार के 10 वर्ष के श्रेष्ठ नगरिया ने यूसीमास परीक्षा में 1000 बच्चों के बीच प्रदेश में प्रथम स्थान बनाया है।

प्रतिवर्ष यूसीमास परीक्षा 1 साल से 12 साल तक के बच्चों में मैथमेटिक्स में निपुणता हासिल करने के लिए आयोजित की जाती है। यह परीक्षा 4 कैटेगरी में रखी जाती है और श्रेष्ठ नगरिया 1 से 4 कैटेगरी के यूसीमास परीक्षा में छोटे से क्षेत्र करेली से प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित किया है जिसमें बच्चों ने 8 मिनिट में 200 सवाल हल किये यूसीमास परीक्षा इंदौर के इंमरेल्ड हाइट इंटरनेशनल स्कूल में 29 अप्रैल को आयोजित



की गई थी जिसका परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को निकाला गया। श्रेष्ठ नगरिया की माँ रचना नगरिया की मेहनत रंग लाई है कि उनका बेटा प्रदेश में छोटे से स्थान से अपने क्षेत्र में अपने परिवार का नाम रोशन किया है। श्रेष्ठ की दादी कुसुम गुप्ता करेली के उत्कृष्ट विद्यालय और कन्या शाला स्कूल की प्राचार्य पद पर पदस्थ रही है और जिस तरह दादी ने महिला होकर अपने आप को समाज में इस तरह का काबिल बनाया था आज उनके नक्शे कदम पर उनका पोता श्रेष्ठ श्रेणी में आकर अपने लिए काबिल बना रहा है।

## गृहे गृहे गायत्री यज्ञ 5 मई को

**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा, यशभारत।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में देव संस्कृति के निर्माता यज्ञ पिता गायत्री माता और समर्थ एवं शक्तिशाली राष्ट्र बनाये जाने की कल्पना को साकार करते हुए संपूर्ण विश्व में दो लाख चालीस हजार घरों में एक ही दिन एक ही समय में आगामी 5 मई बुद्ध पूर्णिमा के दिन विगत वर्षों के अनुसार यह आयोजन किया जा रहा है। गायत्री परिजनों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि इस महाआयोजन के जहां आध्यात्मिक कारण भी है, वहीं वातावरण के परिशोधन,पर्यावरण सुरक्षा, देव परिवार निर्माण, वैचारिक उत्कृष्टता, संस्कारों की पुर्नस्थापना, आत्मशक्ति के अभ्युदय, समर्थ राष्ट्र निर्माण, बुद्धि के विकास, सुख शांति, लाने सहित विभिन्न प्रकार के वायरसों से मुक्ति पाने, और यज्ञ साधना से इम्युनिटी बढ़ाने को लेकर एक साथ सभी लोगों के सहयोग से यह आयोजन किए जा रहे हैं।

# आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा, यशभारत।** विद्याभारती द्वारा मार्गदर्शित केशव शिक्षा समिति जबलपुर द्वारा आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का समारोह पूर्वक समापन किया गया। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चले इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन केशव शिक्षा समिति के अध्यक्ष वासंतकमणि शर्मा, कोषाध्यक्ष ईश्वरदास पटेल नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल ग्राम भारती सदस्य रजनीश जैन तथा स्थानीय विद्यालय के पदाधिकारियों की उपस्थिति मे किया गया था। इस वर्ग में 18 जिलो के 58 स्थानों से 87 आचार्य दीदी उपस्थित रहे। जिसमे 37 आचार्य एवं 50 दीदियों की उपस्थित रही। 6 आचार्य संघ शिक्षा वर्ग प्रशिक्षित थे। इनमे 6 प्रधानाचार्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रात: 5 बजे जागरण से लेकर रात्रि 10:30 बजे तक चले प्रशिक्षण वर्ग में प्रात:कालीन सत्र मे स्मरण एकात्मता स्तोत्र एकात्मता मंत्र के साथ विद्या भारती व्दारा निर्धारित 10 मिनट की व्यायाम श्रृंखला, सूर्य नमस्कार, आसन, प्राणायाम, तथा संघ स्थान समता, खेल, योगचाप और व्यायाम योग के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। वर्ग में संवाद सत्र विमर्श सत्र शिक्षण सत्र व्यवसायिक शिक्षा , तकनीकि शिक्षा सत्र एवं अभिव्यक्ति सत्र स्वाध्याय सत्र. शिक्षार्थियों द्वारा शिक्षण का आयोजन किया गया। व्यवसायिक शिक्षा में ब्यूटीशियन, क्राप्ट स्किल का प्रशिक्षण भी दिया गया। वर्ग में अखिल भारतीय स्तर के दो अधिकारी श्रीराम अरावकर सह संगठन मंत्री विद्याभारती एवं शशीकांत फडके अखिल भारतीय सह संयोजक ग्रामीण शिक्षा क्षेत्रीय अधिकारी एवं प्रांतीय अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। नर्मदा दर्शन एवं स्नान का पुण्य लाभ शिक्षार्थियों को प्राप्त हुआ, तथा नगर सर्वेक्षण का कार्य सम्पन्न कराया गया। जिसमे सभी आचार्य दीदी, शिक्षक एवं स्थानीय विद्यालय के पदाधिकारी गण मिलकर 685 परिवारों में सर्वेक्षण कार्य किया। वैदिक गणित एवं अंग्रेजी सम्भाषण के लिये अतिरिक्त सत्रों का आयोजन भी किया गया।

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं गायत्री महायज्ञ

**तेंदूखेड़ा, यशभारत।** आगामी पांच मई से श्री पंच अग्नि अखाड़ा लाल बाबा आश्रम तेंदूखेड़ा में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन आगामी पांच मई से किया जा रहा है।चार म ई को दोपहर दो बजे से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा पांच मई से प्राण प्रतिष्ठा समारोह गायत्री महायज्ञ प्रारंभ होगा। सात मई को दोपहर 12 बजे से प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसी बीच बाहर आ रहे संत महात्माओं के मंगल प्रवचनों के माध्यम से अमृत ज्ञान रुपी बरसात होगी।

# पाइप लाइन डालने के बाद सड़क को सही करना भूल गए जिम्मेदार

**बेलखाड़ू, यशभारत।** शासन की योजना के अंतर्गत घर-घर पानी पहुंचाने की योजना चल रही है इसी के चलते नर्मदा से पाइपलइन बिछाई गई है जिसमें करीब आठ माह पहले बेलखाडू चौराहे से एक लाइन कटंगी की ओर गई है और एक लाइन पनागर की ओर बेलखाडू चौराहे से पनागर की ओर लाइन डालने के लिए कटंगी दमोह के मुख्य मार्ग को खोदकर पाइप लाइन डाली गई है जहां गड्ढे हो गए हैं , जिससे सडक़ तो अस्त-व्यस्त हो गई है। यहां पर मेन रोड इस तरफ से उस तरफ तक पूरी खोद कर पाइप लाइन डाली गई है लेकिन जहां से



पाइप लाइन डाली है वहां गड्ढे ही गड्ढे हैं जिससे पानी गिरता है और गड्ढे पानी से भर जाते हैं और वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं।

**अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर**

# मेहनत के रंग गरिमा के संग शिविर आयोजित




**सिहोरा, यशभारत।** जन साहस संस्था द्वारा कुर्रो ग्राम पंचायत में अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रतिभागियों को निःशुल्क विधिक सेवा,बाल श्रम,बंधुआ श्रम,श्रमिकों के अधिकारों ,मनरेगा, पॉक्सो एक्ट,मानसिक स्वास्थ्य, सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से मजदूर हेल्पलाइन न 180012011211, सभी मजदूरों ने प्रतिज्ञा भी ली कि वे शोषण नही होने देंगे और मजदूरों के योगदान को याद किया गया। इस कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति से अधिकारी, सरपंच गजेन्द्र सिंह,सचिव मनोज पटेल,आंगनवाडी कार्यकर्ता सुधा झरिया,संस्था के लक्ष्मण भागमल , ओमप्रकाश पाल,ज्योति सेन संजीव श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

## सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद देवी भागवत कथा भारी भीड़

**जबलपुर ,यशभारत।** हाउसिंग बोर्ड महाराजपुर में चल रही सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद देवी भागवत कथा भारी भीड़ उमड़ रही है। गत दिवस पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सम्मती सैनी पूर्व विधायक नित्य निरंजन कंपरिया मुकेश सोनी दुर्गेश पटेल किशन सिंह ठाकुर दीपक शर्मा टिम्मी मनीष पटेल शिवराम पटेल अमरीश दुबे आनंद जयसवाल इंद्रजीत कोरी धीरज दुबे सूर्यकांत तिवारी मुकेश मेहता राजेंद्र सिंह



राजपूत संजय गुप्ता अजय अवस्थी लक्ष्मी नारायण शुक्ला राजीव सिंह सुरेंद्र गिरी गोस्वामी प्रमोद यादव बंटी पटेल राजेश रजक कथा में सम्मिलित हुए इस शुभ अवसर पर व्यासपीठ पर पहुंचकर भारत सिंह यादव ने महाराज जी का स्वागत किया कथा के समापन के बाद समिति द्वारा रोज भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित,छात्र हुए खुश

**सिहोरा, यशभारत।** जनशिक्षा केन्द्र खितौला बाजार की शासकीय प्राथमिक शाला लखराम में कक्षा 1 से 4 तक के छात्र-छात्राओं के वार्षिक परीक्षा परिणाम शाला प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी एवं शाला प्रबंधन समिति की उपस्थिति में घोषित किए गए। वार्षिक परीक्षा परिणाम जानने की उत्सुकता को लेकर सुबह से ही छात्र,छात्राओं एवम अभिभावकों का समूह स्कूल में एकत्रित हो गया। छात्र छात्राओं को प्रगति पत्रक एंव शासन के शिक्षा विभाग से प्राप्त प्रयास अभ्यास पुस्तिका वितरित करते हुए प्रधानाध्यापक ने छात्रों और अभिभावकों से कहा कि प्रगति पत्रक में सभी छात्रों की मेहनत का फल है अब इसी प्रकार नियमित एंव सतत रूप से अच्छी पढ़ाई करना है शाला के शिक्षक योगेन्द्र मिश्रा ने छात्रों को कहा कि ग्रीष्मावकाश में भी पढ़ाई जारी रखने के साथ स्वास्थ का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

# आत्मनिर्भर बहन संगोष्ठी कार्यक्रम बरेला में आयोजित

**बरेला, यशभारत।** बहनों को आत्मनिर्भर बनने बरेला के सामुदायिक भवन में सामाजिक संस्था मयूर मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बरेला की लगभग 200 महिलाएं शामिल हुई। संस्था की सदस्य व बरेला प्रमुख श्रीमती सारिका सिंह ने जानकारी देते हुए बताया महिलाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने तथा स्वावलंबी बनने के उद्देश्य से आज हमने बहनों को एकत्रित कर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। बरेला नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतीक दुबे, वरिष्ठ समाजसेवी राजेश पटेल( पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ), समाजसेवी रामेश्वर साहू, बरेला पुलिस इंस्पेक्टर खान मैडम, मयूर मेमोरियल ट्रस्ट के प्रमुख गोविन्द बिसेन,भुवन सोनी की आतिथ्य में आयोजित हुआ। संस्था प्रमुख गोविन्द बिसेन जी ने बहनों को संबोधित करते हुए संस्था के कार्यो के विषय में जानकारी देते हुए बताया




2012 से संस्था बहनों युवाओं और छात्रों के लिए सतत गतिविधियां और कार्यक्रम कर रही है तथा संस्था का 2023/2024 का लक्ष्य एक लाख बहनों को अनेक प्रकार के प्रशिक्षण देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की योजना है।समाजसेवी राजेश पटेल और रामेश्वर साहू ने बहनों के प्रशिक्षण के लिए यथाशक्ति सहयोग करने का आश्वासन दिया।प्रतीक दुबे जी ने बहनों के आत्मनिर्भर कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। आज के आत्मनिर्भर बहन आत्मनिर्भर भारत संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रमुखरूप से सारिका सिंह जी,विनीता कुशवाहा जी, रश्मि पटेल,शिखा सिंह,रजनी श्रीपाल, सुषमा रैकवार,बबीता साहू,गायत्री दीक्षित,पूजा बैरागी,मनीषा चक्रवर्ती, कल्पना गोड,लक्ष्मी पटेल,रीतू रजक,मुन्नी झारिया,आशा जायसवाल,रूपाली ओझा,श्रृष्टि सिंह,रिंकी श्रीपाल, कल्पनाबैरागी, सरिता नामदेव,संगीता श्रीपाल इत्यादि सैंकड़ों बहनें उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का संचालन सारिका सिंह एवम आभार व्यक्त शिखा सिंह द्वारा किया गया।

## आत्मा में समाया है अनंत ज्ञान

**शहपुरा भिटौनी, यशभारत।** आत्मा के ऊपर जो घूरी है वह रज है जो आत्मा के गुणों को प्रकट नहीं होने देती या आवरण बनाए रखती है वह रज है। ÷रजः फलं चापलम्% मन की चंचलता से काम क्रोध आदि के भाव उपजते रहते हैं जो कर्मो के पुल के अनुसार व्यक्ति की प्रकृति बन जाती है। सत गुण, रजो गुण और तमो गुण के माध्यम से व्यक्ति के स्वभाव का चित्रण होता है। जिस व्यक्ति के लिए ज्ञानवर्णी कर्म का उदय होता उसका ज्ञान ढंका रहता है। ज्ञान का क्षयोपशम होने पर भी उद्दयंतता होने लगती है। अज्ञान के कारण से एक चंचलता होती है। जो आत्मा का बल है वह सत गुण है। न सुख में फूलना चाहिए न ही दुख में घबराना चाहिए। आत्मा के अस्तित्व को स्वीकारको प्रज्ञा और अज्ञान हमारे अंदर उद्योग उत्पन्न करते हैं। इनसे सतगुण के कारण बचा जा सकता है। कर्मफल से उत्पक होने वाली चंचलता का आत्मा का गुण नहीं कह सकते हैं। भगवान के अंदर केवलज्ञान है जो अनंत है। हमारा ज्ञान उनके सामने कुछ भी नहीं है। भगवान का वह ज्ञान सत स्वरूप या शांत स्वभाव से रहता है। और हमारे पास थोड़ा मोड़ा ज्ञान भी



रहता है तो वह उछलने लगता है। यह रजोगुण की की प्रधानता से होता है।उक्त उद्गगार अर्हम योग प्रणेता प्रणम्य सागर जी ने शहपुरा मैं व्यक्त किए ।ज्ञात हो की संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज , मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज , छुल्लक 105 छुल्लक अनुनय सागर जी महाराज ,क्षुल्लक 105 सविनय सागर जी महाराज , क्षुल्लक 105 समन्वय सागर जी महाराज , का ग्रीसमकालीन प्रवास शहपुरा मै चल रहा है जहां प्रतिदिन प्रातः 8-30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है। शहपुरा जैन पंचायत ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से सभी कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील की है।

# सीएम राइज स्कुल में समर कैंप का शुभारंभ



**सिहोरा, यशभारत।** सीएम राइज पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में समर कैंप का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य अशोक उपाध्याय एवं उप प्राचार्य शैलेंद्र मिश्रा द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय के एवं पास के स्कूलों के बच्चे सम्मिलित हो रहे हैं जिनकी संख्या लगभग 100 हैं प्रशिक्षण शिविर में खेलकूद गतिविधियों की बारीकियों से अवगत कराने के लिए प्रशिक्षक अशोक राय,आर्ट एंड क्राफ्ट की बारीकियां बताने के लिए श्रीमती वर्षा साहू एवं म्यूजिक से संबंधित प्रशिक्षण के लिए विवेक नामदेव एवं योगा गतिविधियों के लिए श्रीमती सुधा उपाध्याय द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। स्पोर्ट्स प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 7 से 10 बजे तक 5 जून तक लगातार आयोजित किया जाएगा इसी प्रकार सी एम राइज विद्यालय के अंतर्गत प्रशिक्षण 01 से 13 मई तक आयोजित किया जायेगा।प्राचार्य ने इसमें सम्मिलित होने वाले छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाना भी सुनिश्चित किया है। इस अवसर पर विद्यालय के अमित जैन,अशोक पटेल,सुरेश यादव, सौरभ गौतम,गौरव दाहिया,संजय दुबे,घनश्याम गुप्ता, प्रवीण पांडेय उपस्थिति रहे।

# LSG vs RCB: हाथ खींचा और नौबत हाथापाई तक आ गई, गौतम गंभीर की इस हरकत पर भड़के विराट कोहली



**लखनऊ, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में 1 मई की रात बवाल हो गया। जब आप में से कई लोग सो रहे थे, तब भारतीय क्रिकेट के दो सूरमा सुबह आपकी नींद उड़ाने की तैयारी कर चुके थे। जी हां! विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच 10 साल पुरानी अदावत इस सीजन में दूसरी मर्तबा सामने आई। एकाना स्टेडियम में मेजबान लखनऊ सुपरजायंट्स को एक लो स्कोरिंग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने हरा दिया। मैच के दौरान विराट कोहली कई दफा एग्रेशन दिखाते नजर आए। कई प्लेयर्स के साथ उनकी छोटी-मोटी तकरार हुई, जो मुकाबला खत्म होते-होते डर्टी फाइट में बदल गई। वैसे तो इस फाइट सीन के कई किरदार हैं, लेकिन केंद्र में विराट कोहली और गौतम गंभीर ही हैं। वैसे तो विवाद के कई वीडियोज इंटरनेट पर आपको मिल जाएंगे। हमने भीविवाद की पूरी कहानीवाले आर्टिकल में आपको उसे दिखाने की कोशिश की है, लेकिन विराट और गौतम गंभीर के बीच हाथापाई वाली नौबत तो इस सीन के बाद ही शुरू हुआ, जो आपको नीचे नजर आ रहा है। इस वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि मैच के बाद विराट लखनऊ के कैरेबियाई ऑलराउंडर काइल मेयर्स से सामान्य बातचीत कर रहे हैं, लेकिन उसी बीच लखनऊ के मेंटॉर गौतम गंभीर वहां पहुंचते हैं और मेयर्स का हाथ खींचकर उन्हें दूर ले जाते हैं, मानो वह यह कहना चाह रहे हो कि कोहली से बात करने की जरूरत नहीं है। इस एपिसोड के बाद कोहली और चिढ़ गए!

### गंभीर के कंधे पर हाथ रखा और...

विराट कोहली खुद को अपमानित महसूस करने लगे। शायद वह अपना पक्ष भी रखना चाहते थे। गौतम गंभीर को सफाई देना चाहते थे। बताना चाहते थे कि मैदान पर असल में हुआ क्या था? विवाद की शुरुआत कहां से हुई थी। मगर गौतम गंभीर काफी गुस्से में थे। वह विराट से बात करने के मूड में नहीं थे और बड़बड़ाते हुए वहां से जा रहे थे। इस बीच कोहली से रहा नहीं गया और उन्होंने इशारा करके गौतम गंभीर को अपने पास बुलाया और कंधे पर हाथ रख दिया। यह देखते ही आसपास खड़े खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ दोनों को दूर करने लगे। मगर विराट-गंभीर के बीच जुबानी जंग जारी रही।

# मणि सर से मिलने गई थी, वहां मेरे बालों में चोटी लगी, कुछ पढ़ने को मिला, और मैं बन गई 'रोजा' की हीरोइन

**मुंबई, एजेंसी। अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों से समय निकालकर अभिनेत्री मधु शाह इन दिनों फिल्मों से लेकर ओटीटी तक खूब सक्रिय हैं। हाल ही फिल्म शाकुंतलम में वह अभिनेता सामंथा की मां का किरदार करती नजर आईं। ये किरदार अप्सरा मेनका का है। अब चर्चा में हैं अपनी आने वाली वेब सीरीज फायरफ्लाइज को लेकर। इस सीरीज में मधु ने नानी का किरदार निभाया है। कैसे मिली मधु को मणिरत्नम की फिल्म 'रोजा', 30 साल बाद किस तरह याद करती हैं मधु अपनी पहली हिंदी फिल्म के हीरो अजय देवगन को और अपनी कजिन हेमा मालिनी को लेकर क्या हैं उनकी तमन्नाएं, पढ़िए मधु से हमारी इस खास बातचीत में।**



### तो 'फूल और कांटे' की हीरोइन नानी बनने जा रही है?

मैं अपने आपको किसी भी तरह से नानी नहीं महसूस कर सकती हूं। इस वजह से मुझे इस किरदार समझने के लिए एक दो दिन का समय लगा। मैं आम तौर पर बहुत तेज चलती हूं लेकिन नानी एक बूढ़ी महिला हैं तो उनको थोड़ा धीरे से चलना पड़ता है और आराम-आराम से बात करना पड़ता है। ऐसी बहुत सी चीजें मैंने इस किरदार के लिए सीखी हैं और अब इस किरदार से जो सीखा वह मैं जीवन भर अपने साथ रखूंगी। अपने व्यक्तित्व में मुझे यह सहजता लानी थी और मैं इस किरदार की वजह से वह ला पाई।

### 30 साल हो गए आपको अभिनय करते करते, पीछे मुड़ कर देखती हैं तो कैसा महसूस होता है?

जब हम जीवन में आगे बढ़ रहे होते हैं तो कई बार हम बहुत खुश होते हैं, कभी दुखी होते है, कभी डर लगता है और कभी लगता है कि पता नहीं मैं कुछ कर भी पाऊंगी या नहीं। यह सारी चीजें महसूस होती हैं लेकिन अब जब मैं यहां खड़ी होकर अपने पिछले 30 साल देखती हूं तो सब अच्छा लगता है। कभी कभी करियर बहुत अच्छा और तेज चला है और कभी उतना तेज नहीं चला। कभी बहुत तारीफें मिली और कभी लोग भूल भी गए। मैं बहुत ही संतुष्टि महसूस करती हूं क्योंकि मैंने जीवन में हर तरह समय देखा हैं। आपने 'फूल और कांटे' से हिंदी फिल्मों में कदम रखा लेकिन उसके पहले क्या आप किसी और फिल्म के लिए ऑडिशन देने गई थीं? मैंने अपना एक पोर्टफोलियो फोटो शूट कराया था। मेरी बिल्डिंग के जो सेक्रेटरी थे वह मेरे पापा के दोस्त थे। वह कहते रहते थे कि आपको फिल्मों के लिए कोशिश करना चाहिए पर मैंने कभी ध्यान नहीं दिया। मुझे याद है मैं एक ही बार ऑडिशन देने गई थी एक प्रोड्यूसर के पास। उसने मुझसे कहा था कि इस तरह से कपड़े पहन कर दिखाओ कि तुम कैसी दिखती हो, तो वहां से जो मैं बाहर निकली उसके बाद कभी ऑडिशन देने नहीं गई। हर भाषा में मेरी जितनी भी पहली फिल्में हैं वे सारी ही फिल्में मैंने बिना ऑडिशन के पाई हैं।

### और, आपको मणि रत्नम की फिल्म रोजा कैसे मिली?

रोजा पहली फिल्म है जिसके लिए मैंने ऑडिशन दिया था। दरअसल मैं जब अजगन की शूटिंग कर रही थी तब के बालचंदर सर ने कहा कि तुम रविवार को मणि रत्नम के ऑफिस जाओ। मैं मणि सर से मिलने गई तो मेरे बाल एकदम फैशन में कटे हुए थे क्योंकि मैं मुंबई की लड़की थी। उनके हेयर ड्रेसर ने मेरे बालों में एक लंबी सी चोटी लगाई क्योंकि जो किरदार मेरा था वह एक गांव की लड़की का था। उसके बाद एक सीन मुझे पढ़ने के लिए दिया जो मैंने पढ़ा। थोड़ी देर बाद उन्होंने मेरे पापा के साथ मेरी शूटिंग के तारीखें भी निर्धारित कर लीं और मुझे पता भी नहीं चला कि मैं ऑडिशन देने गई थी।

## रंग संसार

# जब गुरु ने वहीदा रहमान को भरतनाट्यम सिखाने से कर दिया था इनकार, मजहब था वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वहीदा रहमान अपने जमाने की मशहूर अदाकाराओं में शुमार रहीं। उन्होंने अभिनय के अलावा अपने डांस से भी दर्शकों पर अलग छाप छोड़ी। हर फिल्म में अपने शानदार डांस से वह दर्शकों का दिल जीत लेतीं। इसके लिए उन्होंने खूब मेहनत भी की। वहीदा रहमान ने बाकायदा भरतनाट्यम का प्रशिक्षण लिया। एक्ट्रेस ने नृत्य का प्रशिक्षण मशहूर डांस गुरु तिरूचंदरम मीनाक्षी सुंदरम पिल्लई से लिया था। हालांक, शुरुआत में पिल्लई ने एक्ट्रेस को डांस सिखाने से मना कर दिया था और इसकी वजह थी मजहब। आइए जानते हैं पूरा मामला... वहीदा रहमान भरतनाट्यम सीखना चाहती थीं। इसके लिए उन्हें गुरु की तलाश थी। वहीदा रहमान गुरु की शरण में गईं तो उन्होंने डांस सिखाने से इनकार कर दिया। गुरु का कहना था कि लड़की मुस्लिम है, इसलिए मैं उसे नृत्य नहीं सिखा सकता। इस बात का जिक्र खुद वहीदा रहमान ने एक डांस रियलिटी शो के दौरान किया था। इस शो के दौरान अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने वहीदा से बचपन में भरतनाट्यम के लिए ट्रेनिंग लेने में आने वाली मुश्किलों के बारे में पूछा था। माधुरी दीक्षित के सवाल का जवाब देते हुए वहीदा रहमान ने बताया था, मैं जब चेन्नई में थी तो भरतनाट्यम सीखना चाहती थी। इसके लिए जिस गुरु की तलाश की, उन्होंने



सिखाने से मना कर दिया था। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे एक दोस्त थे। मैंने उनसे कहा कि मुझे इन्हीं से सीखना है। तो उन्होंने कहा, नहीं, मैं इनको नहीं सिखा सकता, क्योंकि लड़की मुसलमान है। जब उनसे पूछा गया कि इससे क्या ताल्लुक है, मुसलमान हो, या क्रिश्चियन हो या हिंदू हो? इस पर गुरु ने कहा, नहीं, अपने जो पदम, वर्णम भाव हैं न, वो नहीं कर पाएगी।वहीदा रहमान ने आगे बताया, मैंने बहुत जिद की। मेरे दोस्त ने गुरु से बात की तो उन्होंने कहा, अछा उसकी कुंडली ले आओ। तो हमने कहा, हम लोगों में कुंडली नहीं बनाते हैं। इस पर गुरु ने कहा, यह तो बड़ी समस्या है। अच्छा चलो इसकी जन्मतिथि दो, मैं खुद इसकी कुंडली बनाता हूं। इसके बाद उन्होंने कुंडली बनाई। तो बोले, अरे, यह तो बड़ी ताज्जुब की बात है। यह कुंडली दिखाती है कि ये लड़की मेरी आखिरी और सबसे अच्छी स्टूडेंट होगी।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वहीदा रहमान फिल्मों में काम नहीं करना चाहती थीं। वह डॉक्टर बनना चाहती थीं। उन्हें डांस का शौक था, इसलिए उन्होंने डांस सीखा। वर्ष 1951 में जब वहीदा रहमान के पिता गुजर गए तो परिवार के लिए पैसों की जरूरत थी। मां की भी तबीयत खराब थी। फिर परिवार को संभालने और मां के इलाज के लिए वहीदा रहमान फिल्मों में काम करने लगीं।




# ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का शुभारंभ

**जबलपुर, यशभारत।** खेल और युवा कल्याण विभाग के द्वारा रनीताल खेल परिसर में मध्यप्रदेश ओलम्पिक संघ के सचिव दिग्विजयसिंह, साई प्रशासक कुलदीप बरार, और विक्रम अवार्डी वीरेंद्र सिंह की गरिमामई उपस्थिति में आरम्भ किया गया मुख्य अतिथि श्री सिंह द्वारा खिलाड़ियों को खेल से लाभ व खेल से केरियर कैसे बनया जा सकता है इसकी विस्तृत जानकारी खिलाड़ियों को प्रदान की गई इस अवसर पर खेल विभाग के जिला खेल अधिकारी आशीष पाण्डेय जी व विभाग में पदस्त कोच परमजीत, नीतू सिंह, सोना दुबे, अकबर, सकील, विनोद, नूपुर, गोल्डी, अनुराग, आशा, नेंसी, पूजा दुर्गेश, आदि उपस्थित रहे समर कैम्प 1 मई से 15 जून तक रानीताल खेल परिसर में बक्सिंग, कबड्डी, हेंडबाल, साइकलिंग, व्हालीबाल, बैडमेंटन, मलखम, आदि खेलो के शिविर आयोजित किये जा रहें है कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी पाण्डेय जी द्वारा प्रेषित किया गया समर कैम्प से संबंधित अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी खेल और युवा कल्याण विभाग रानीताल कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है



# द केरल स्टोरी को प्रोपेगेंडा फिल्म बताने वालों पर भड़कीं Adah Sharma, कहा- ये बहुत ही ...

**मुंबई, एजेंसी। एक्ट्रेस अदा शर्मा काफी लंबे समय के बाद बड़े परदे पर वापसी कर रही हैं, बेहद ही दिलचस्प कहानी के साथ, जिसका नाम है द केरल स्टोरी। ये फिल्म केरल की 32000 औरतों के अचानक से गायब होने की कहानी है। फिल्म का ट्रेलर 26 अप्रैल को रिलीज हुआ था। कई लोग इसकी तारीफ कर रहे हैं तो कई इसे प्रोपेगेंडा फिल्म बता रहे हैं। मेकर्स का दवा है कि ये सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्म है।**

### कंग्रेस ने की फिल्म पर रोक लगाने की मांग

कंग्रेस का कहना है कि फिल्म में गलत दावे किए गए हैं और इसके चलते समाज में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है। कंग्रेस ने शुक्रवार को सरकार स इस फिल्म की स्क्रीनिंग की इजाजत नहीं देने का अनुरोध किया। वहीं केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने फिल्म निर्माताओं के इन सभी दावों को खारिज करते हुए कहा कि इस आगामी फिल्म का इरादा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य की छवि खराब करना है। अब एक्ट्रेस अदा ने इस मामले में चुपी तोड़ते हुए उन सब को करारा जवाब दिया है जो इस प्रोपेगेंडा फिल्म बता रहे हैं। अदा शर्मा ने द केरल स्टोरी के बारे में मीडिया से तो बात की ही। साथ ही एक वीडियो भी शेयर किया। ट्विटर पर पोस्ट किए गए उस वीडियो में वह कह रही हैं, हमारी फिल्म किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। लेकिन यह निश्चित रूप से एक आतंकवाद विरोधी संगठन है। हमारी फिल्म लड़कियों को नशीला पदार्थ दिए जाने, ब्रेनवाश किए जाने, बलात्कार, मानव-तस्करी, जबरदस्ती गर्भधारण करने और लोगों द्वारा बार-बार रेप किए जाने के बारे में है। और जिस बच्चे को वे जन्म देते हैं, उन्हें उनसे छीन लिया जाता है और फिर उन्हें आत्मघाती हमलावर बना दिया जाता है।

### अदा शर्मा ने बताया फिल्म की कहानी को डरवानी

इसके अलावा एक्ट्रेस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी सभी के सवालों के जवाब दिए। कहा, एक भारतीय होने के नाते, एक इंसान होने के नाते, एक लड़की होने के नाते, ये बहुत ही डरावनी कहानी है कि लड़कियां गायब हो रही हैं। और भी डरावना है कि जो भी लोग इसे प्रोपेगेंडा कह रहे हैं या नंबर डिस्कस कर रहे हैं, मैं यकीन नहीं कर सकती कि पहले हम लोग नंबर जस्टिफिकेशन दे रहे हैं और फिर हम लोग कह रहे हैं लड़कियां गायब हुई हैं। जबकि हमें इसका उलटा होना चाहिए। पहले हमें ये डिस्कस करना चाहिए कि लड़कियां गायब हैं और फिर आप नंबर डिस्कस करो।

बता दें कि अदा फिल्म में हिंदू मलयाली नर्स का किरदार निभा रही है। ये नर्स केरल से अचानक गायब हो जाती है, जिसे जबरदस्ती इस्लाम कबूल करवाया है और फिर उन्हें ढ्ढस्ढ्ढस् में शामिल होना पड़ता है। द केरल स्टोरी पांच मई 2023 को रिलीज होगी।

# सीता मां से घर-घर फेमस हुई Deepika लेकिन आज acting छोड़ कर कर रही ये काम !

रामानंद सागर की रामायण में सीता का किरदार निभाने वाली दीपिका चिखलिया का मासूम चेहरा आज भी लोगों के दिलों में वैसे के वैसा ही बसा हुआ है। मां सीता के रोल से वह घर-घर फेमस हुई थी लेकिन आज वह लाइमलाइट से कोसो दूर है। हालांकि रामायण के बाद भी दीपिका को कई धार्मिक रोल ऑफर हुए थे लेकिन उन्होंने सबके लिए मना कर दिया था और इंडस्ट्री से गायब ही हो गई। दीपिका की इंडस्ट्री छोड़ कर जाने की वजह कही ना कही मॉडर्न करेक्टर भी थे। उन्हें जो भी ऑफर मिले थे वह सब में उन्हें मार्डन करेक्टर ही दिया जा रहा था लेकिन दीपिका ने वो रोल नही निभाए क्योंकि अब लोगों के मन में उनकी सीता माता वाली छवि बन चुकी थी जिसे वो खराब नहीं करना चाहती थी ! इस लिए उन्होंने इंडस्ट्री से दूरी बना लीं और परिवार बसा के उसमें बिजी हो गई। तो चलिए आपको बताते हैं कि दीपिका चिखलिया इंडस्ट्री छोड़कर कहां गायब हो गई और कहां रह रही हैं?



### सीता के रोल से बनाई दर्शकों के दिलों में खास जगह

दीपिका ने सीता के रोल से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई लेकिन वह आगे काम नहीं कर पाई हालांकि वह शुरू से एक्टिंग का शौक रखती थी। वह स्कूल में भी हमेशा छोटे-मोटे नाटकों में भाग ले लिया करती थीं। एक इंटरव्यू में दीपिका ने खुद बताया कि उनके पापा का ट्रांसफर कोलकाता में हुआ तो वह एक पार्टी में गई जहां उन्हें बंगाली फिल्मों के जाने माने अभिनेता उत्तम कुमार ने देखा, तभी उन्होंने अपनी फिल्म में उन्हें चाइल्ड आर्टिस्ट के रोल में लेने की बात कही। हालांकि उस समय उनके मम्मी पापा ने इसकी इजाजत नहीं दी। फिर 14 साल की उम्र में दीपिका ने कमर्शियल विज्ञापनों में काम करना शुरू कर दिया था। हालांकि उनके पिता को उनका फिल्मों में काम करना बिल्कुल पसंद नहीं था लेकिन दीपिका को मां का पूरा स्पोट था। शादी के बाद वह पूरी तरह से लाइमलाइट से दूर हो गई।

### शादी के बाद कर ली पति की कंपनी ज्वाइन

दीपिका ने कॉस्मेटिक कंपनी के मालिक हेमंत टोपीवाला से शादी की। हेमंत टिप्स एंड टोज कॉस्मेटिक कंपनी के मालिक हैं। दोनों की मुलाकात 1983 में आई फिल्म सुन मेरी लैला के फिल्म सेट पर हुई थी जहां दोनों करीब आए और उन्होंने शादी कर ली। शादी के बाद उन्होंने पति की कंपनी ज्वाइन की जहां वह रिसर्च और मार्केटिंग टीम की हेड हैं। दीपिका की 2 बेटियां हैं, जूही टोपीवाला और निधि टोपीवाला। दीपिका चिखलिया की दोनों बेटियां भी उनकी तरह ही काफी खूबसूरत हैं। दीपिका अपनी दोनों बेटियों को एक्टिंग की दुनिया से दूर रखती हैं।

### दोनों बेटियों को रखना एक्टिंग से दूर

जहां उनकी बेटी निधि पेशे से एक मेकअप आर्टिस्ट हैं। वह काफी हद तक मां दीपिका जैसी लगती है। निधि सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वही, जूही अपनी लाइफ को पर्सनल ही रखती हैं। हालांकि दीपिका अपनी बेटियों के साथ तस्वीरें साझा करती ही रहती हैं। इन दिनों दीपिका खुद भी एक्टिंग से दूर हैं। आखिरी बार उन्हें 2019 की फिल्म बाला में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, यामी गौतम और अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म में देखा गया था। इस फिल्म में दीपिका ने यामी गौतम की मां का किरदार निभाया था। दीपिका ने राजनीति में भी कदम रखा था लेकिन कुछ ही सालों में उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया। दीपिका अपने परिवार के साथ खुश है फैमिली के साथ ही हैल्दी टाइम स्पैंड कर रही हैं।






मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना

G20 वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE | मध्यप्रदेश शासन | आज़ादी का अमृत महोत्सव



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# आइये, मनायें बेटियों की मुस्कान का उत्सव

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

राज्य, जिला, नगर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा

## बेटियों का सम्मान एवं संवाद

- लाड़ली फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान
- लाड़ली लक्ष्मी वाटिकाओं में वृक्षारोपण
- हर ग्राम पंचायत में "एक वृक्ष लाड़ली लक्ष्मी के नाम"
- लाड़ली लक्ष्मी क्लबों का गठन




"वर्ष 2007 में लागू की गयी मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना महज एक योजना नहीं बल्कि एक सामाजिक क्रांति की शुरूआत है। इस योजना के चलते प्रदेश के लिंग अनुपात में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। बेटियों का जीवन बदल रहा है, उनका भविष्य संवर रहा है।"

– **शिवराज सिंह चौहान,** मुख्यमंत्री

44 लाख 85 हजार बेटियां बनी हैं लाड़ली लक्ष्मी | ₹ 1 लाख 43 हजार मिलेंगे हर लाड़ली को

लाड़लियों को मिलेंगे कुल ₹ 64,143 करोड़

**2 मई 2023 | दोपहर 12:00 बजे | मुख्यमंत्री निवास, भोपाल**

D-11020

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @Jansampark.madhyapradesh @CmmadhyapradeshMP @JansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023